अमृत वाणी

दुनियादारी छोड़कर अपने लक्ष्य के पीछे भागते रहो लोगों का सिर्फ वक्त आता है तुम्हारा दौर आएगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्षः 35 अंक 24
शनिवार, 03 मई, 2025
तापमान
अधिकतम 35.5°C | न्यूनतम 26°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in


# पाकिस्तान ने 2 दिन बाद वाघा बॉर्डर खोला

## 21 पाकिस्तानी नागरिक लौटे, भारत ने पाक पीएम शरीफ, 4 क्रिकेटरों के इंस्टाग्राम अकाउंट बंद किए

**नई दिल्ली, 2 मई।** भारत ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिए हैं। यही नहीं, भारत ने पाकिस्तान क्रिकेटरों बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी ब्लॉक कर दिए गए हैं।

इस बीच, पाकिस्तान ने 2 दिन बाद वाघा बॉर्डर खोल दी। इसके बाद 21 पाक नागरिक अपने देश लौट गए। ये लोग वीजा सस्पेंड होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवाद के साथ इतिहास रहा है, यह कोई सीक्रेट नहीं है। स्काई न्यूज ने गुरुवार को पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर बिलावल भुट्टो से सवाल पूछा था। ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम हमले के बाद कहा था कि पाकिस्तान 30 साल से आतंकवादियों को फंडिंग कर रहा है। वहीं, पहलगाम की बायसरन घाटी में



### पहलगाम हमले के बाद सरकार की रणनीति साफ नहीं : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की मीटिंग में कहा कि पहलगाम हमले के बाद सरकार रणनीति तय नहीं कर पा रही, जबकि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष केंद्र सरकार के साथ है। देश के सामने जो भी चुनौतियां हैं, उनका एकजुट होकर मुकाबला किया जाएगा। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। पूरी दुनिया को हम ये संदेश दे चुके हैं।

### 6 लोगों के पाकिस्तान डिपोर्टेशन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

#### कहा- डॉक्यूमेंट्स जांचें, वीजा खत्म होने के बावजूद भारत में रहने का आरोप

**नई दिल्ली, 2 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को श्रीनगर के अहमद तारिक बट्ट के परिवार के 6 सदस्यों को पाकिस्तान डिपोर्ट करने पर रोक लगा दी। कहा- जब तक इन लोगों के आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हो जाते, तब तक उनको डिपोर्ट नहीं किया जाए। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। बट्ट परिवार को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने परिवार को यह स्वतंत्रता दी कि यदि वे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन आदेश से खुश नहीं हैं तो जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। कोर्ट ने ये भी कहा है कि इस मामले में दिया कोर्ट का आदेश मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाए।

# आउटसोर्स भर्तियां बंद कर देंगे : अखिलेश

## कहा-जाति जनगणना के बाद प्राइवेट संस्थानों में भी आरक्षण होगा, धांधली कर सकती है सरकार

**लखनऊ, 2 मई।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बड़ा दावा किया। लखनऊ में उन्होंने कहा, जातीय जनगणना के बाद प्राइवेट संस्थानों में भी आरक्षण की व्यवस्था लागू कराई जाएगी। 2027 में सपा की सरकार बनने पर सरकारी विभागों में आउटसोर्स भर्तियां चरणबद्ध तरीके से बंद कर देंगे। सभी को परमानेंट सरकारी नौकरी मिलेगी। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव 2027 में 403 सीटों पर भाजपा की चारसौबीसी बंद करेंगे। केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबी, बेरोजगारी और नाकामी से जनता का ध्यान भटकाने के लिए कम्युनल राजनीति कर रही है। ताकि उनसे कोई सवाल नहीं पूछ सके। अखिलेश यादव ने यह बातें शुक्रवार को सपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा, 2027 में सपा की सरकार बनने पर पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जाएगा। अग्निवीर व्यवस्था बंद करने की दिशा में काम करना होगा। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा की कम्युनल राजनीति का खात्मा हो रहा है। लोग



बेरोजगारी, गरीबी पर सवाल पूछ रहे हैं, इसलिए भाजपा जानबूझकर लोगों को गुमराह कर रही है। जो नैनीताल में हो रहा है, वह इस सोच के कारण हो रहा है। हिलटर के समय एक प्रोपगेंडा अधिकारी होता था, इनकी सरकार तो पूरी तरह झूठा प्रोपगेंडा करती है।अखिलेश ने कहा, 2027 में हम भाजपा को हवा में उड़ा देंगे। मीडिया ने लिखा था कि बलिया में तेल निकला है, सच्चाई है कि भाजपा का तेल जनता ने निकाल दिया था। बलिया, प्रयागराज से हमारे लोग लोकसभा में पहुंच गए।

### मायावती ने जाति जनगणना को लेकर भाजपा-कांग्रेस पर निशाना साधा

बसपा नेता ने कहा, बाबा साहेब एवं बसपा के अनवरत संघर्ष के कारण ओबीसी समाज आज जब काफी हद तक जागरुक है, तो दलितों की तरह ओबीसी वोटों के लिए लालायित इन पार्टियों के लिए इनकी हितैषी दिखने का स्वार्थ व मजबूरी है। आगामी जनगणना में जाति आधारित गणना को शामिल करने के केंद्र के हालिया फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनका बहुजन विरोधी चरित्र ओबीसी समुदायों को उनके वाजिब अधिकारों से वंचित करता आया है। भाजपा, कांग्रेस आदि द्वारा इसका श्रेय लेकर खुद को ओबीसी हितैषी सिद्ध करने की होड़ मची है जबकि इनके बहुजन-विरोधी चरित्र के कारण यह समाज अभी भी पिछड़ा, शोषित और वंचित है। उन्होंने कहा, वैसे भी कांग्रेस एवं भाजपा आदि की नीयत व नीति बहुजन समाज के प्रति



अगर पाक-साफ़ होती तो ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदार बन गया होता, जिससे इनके मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का 'आत्म-सम्मान व स्वाभिमान' का मिशन सफल होता हुआ दिखता। बसपा नेता ने कहा, बाबा साहेब एवं बसपा के अनवरत संघर्ष के कारण ओबीसी समाज आज जब काफी हद तक जागरुक है, तो दलितों की तरह ओबीसी वोटों के लिए लालायित इन पार्टियों के लिए इनकी हितैषी दिखने का स्वार्थ व मजबूरी है। स्पष्ट है कि ओबीसी का हित बसपा में ही निहित है, अन्यत्र नहीं।

# यूपी में एक्सप्रेस-वे पर 15 एयरक्राफ्ट का टच एंड गो

## राफेल-जगुआर ने दिखाई ताकत, पहली बार नाइट लैंडिंग ट्रायल भी होगा



**शाहजहांपुर, 2 मई।** 594 किलोमीटर लंबा 6 लेन का गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज तक बनाया जा रहा है। अभी प्रयागराज से मेरठ की दूरी वाया कानपुर 648 किलोमीटर है। गंगा एक्सप्रेस-वे बनने से यह दूरी 600 किलोमीटर रह जाएगी। यूपी के शाहजहांपुर में भारतीय वायुसेना ने गंगा एक्सप्रेस-वे पर अपना दमखम दिखाया। 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी पर जगुआर, मिराज जैसे 15 लड़ाकू विमानों ने आंधी-तूफान के बीच 'टच एंड गो' किया। सबसे पहले C-130J सुपर हरक्यूलिस विमान ने एक्सप्रेस-वे पर टच एंड गो किया। इसके बाद जगुआर, मिग और राफेल विमानों ने एक साथ आसमान में करतब दिखाए। सिर्फ AN-32 लड़ाकू विमान ने एक्सप्रेस-वे पर लैंडिंग की। उसे आगे बढ़ना था, लेकिन हवा की गति इतनी तेज थी कि वह आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद पायलट ने विमान को 180 डिग्री घुमाकर उसका रुख हवा की दिशा में मोड़ दिया। आज भी दिन में फाइटर प्लेन एयर शो करेंगे। हालांकि, नाइट शो नहीं होगा। गंगा एक्सप्रेस-वे क्क का चौथा ऐसा एक्सप्रेस-वे है, जिसमें हवाई पट्टी है। यह रात में लैंडिंग की क्षमता वाला देश का पहला एक्सप्रेस-वे है। गंगा एक्सप्रेस-वे 36,230 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। यह 594 किलोमीटर लंबा है, जो मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा है।

# यूपी के 20 शहरों में बारिश, मथुरा में सड़कें लबालब

## अस्पताल में भरा पानी, आधी बस डूबी, नोएडा में तूफान, बिजली गिरने से 6 की मौत

**मथुरा, 2 मई।** यूपी में शुक्रवार को एक बार फिर अचानक मौसम बदल गया। सहारनपुर, मथुरा, गाजियाबाद, आगरा, बुलंदशहर समेत 21 शहरों में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। मथुरा में सड़कें तालाब बन गईं। घरों, दुकानों और अस्पतालों में दो फीट तक पानी भर गया। अड़ींग कस्बे में लोग अस्पताल में बाल्टियों से पानी निकालते नजर आए। रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) में कमर तक पानी भर गया। इसमें रिक्शा डूब गया। सरकारी बस भी आधी डूब गई। नोएडा में तूफानी बारिश हुई है। हवा इतनी तेज थी कि गमले, होर्डिंग, टीनशेड उड़ गए। पेड़ों की टहनियां टूट कर कारों पर गिर गईं। यूपी के कई शहरों में सुबह से बादल छाए हुए हैं। 20-25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से



हवाएं चल रही हैं। 24 घंटे में बिजली गिरने से गोरखपुर, फिरोजाबाद और बस्ती में 2-2 लोगों की मौत हो गई। बारिश-बिजली को लेकर सीएम योगी ने कहा- अफसर फील्ड में उतरें और प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करें। किसानों की फसलों के नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजें, ताकि उन्हें मुआवजा दिया जा सके। आपदा से जनहानि और पशुहानि होने पर तत्काल सहायता राशि दी जाए। मौसम विभाग ने आज 61 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। बिजली गिरने की भी चेतावनी दी गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा ही मौसम अगले पांच दिन तक बना रह सकता है। यूपी में 24 घंटे के भीतर 1.9 मिमी बारिश हुई है। यह अनुमानित 0.4 मिमी से 368 फीसदी ज्यादा है। एक मार्च से 2 मई के बीच 114.9 मिमी बारिश हुई है। हालांकि वैज्ञानिकों ने 15.8 मिमी बारिश का अनुमान लगाया था। 2 महीने में अनुमान से 6 फीसदी कम बारिश हुई है।

### जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, एनएच-44 बंद

**नई दिल्ली, 2 मई।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटने से एनएच-44 पर कीचड़ हो गया है। इसके चलते दोनों तरफ से आवागमन बंद कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू-श्रीनगर हाईवे (ह॥-44) दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों ने अपील की है कि हाईवे क्लियर हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें।

# जन आक्रोश रैली में हंगामा, राकेश टिकैत के सर पर मारा डण्डा, गिरी पगड़ी



### मुजफ्फरनगर में वापस जाओ के नारे लगाए, भाई ने कहा था- सिंधु नदी का पानी रोकना गलत

**मुजफ्फरनगर, 2 मई।** मुजफ्फरनगर में शुक्रवार को जन आक्रोश रैली के दौरान बड़ा हंगामा हो गया। किसान नेता राकेश टिकैत के सिर पर झंडा मार दिया। जिसके बाद हंगामा होने लगा। धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान राकेश टिकैत की पगड़ी गिर गई। पास में खड़े सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें संभाला। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के टाउन हॉल ग्राउंड में जन आक्रोश रैली आयोजित की गई थी। इसमें छोटे-बड़े 168 हिंदू संगठन के लोग शामिल थे। रैली के समर्थन में बाजार भी बंद रहे। बड़ी संख्या में लोग दोपहर में ग्राउंड में जुटे। शाम साढ़े 5 बजे राकेश टिकैत रैली में पहुंचे तो उनका विरोध शुरू हो गया। राकेश टिकैत के बड़े भाई नरेश टिकैत ने बयान दिया था कि पाकिस्तान का पानी रोका जाना सही नहीं है। भारत और पाकिस्तान का किसान एक है। इस बयान से लोग नाराज थे, जिस कारण राकेश टिकैत को लोगों ने विरोध किया। राकेश टिकैत को देखते ही लोगों ने उनका विरोध शुरू कर दिया। वापस जाओ के नारे लगने लगे। राकेश टिकैत उन्हें समझा रहे थे। इसी दौरान भीड़ में किसी ने उनके सिर पर झंडा मार दिया। हमला करने वाले लोग हाथों में भगवा झंडे और तिरंगा लिए हुए थे। विरोध करने वालों ने मोदी-योगी के पक्ष में नारे लगाए। धक्का-मुक्की में राकेश टिकैत गिरते-गिरते बचे। उन्हें मौके पर मौजूद समर्थकों ने उन्हें संभाल लिया। घटना के बाद मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। माहौल तनावपूर्ण है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल राकेश टिकैत सुरक्षित हैं। विरोध के बाद राकेश टिकैत ने कहा- मुजफ्फरनगर में हम पहलगाम हमले के विरोध में इससे बड़ी जनआक्रोश रैली करेंगे।

# अमरावती इंद्रलोक की राजधानी : मोदी

## यह स्वर्ण आंध्र की स्थापना का प्रतीक, 58 हजार करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**तिरुवनंतपुरम/अमरावती, 2 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के अमरावती राजधानी के विकास के लिए 58,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं, सड़कों, रक्षा, रेलवे और औद्योगिक बुनियादी ढांचे की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और अन्य नेता भी मौजूद रहे। नरेंद्र मोदी ने राजधानी अमरावती के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि अमरावती वो धरती है, जहां परंपरा और प्रगति दोनों साथ चलते हैं। जहां बौद्ध विरासत की शांति भी है और विकसित भारत के निर्माण की ऊर्जा भी है।



मोदी ने कहा कि अमरावती एक ऐसा शहर बनने जा रहा है, जहाँ आंध्र प्रदेश के युवाओं की आकांक्षाएँ हकीकत में बदल जाएँगी। आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हरित ऊर्जा, टिकाऊ उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अमरावती आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों में एक अग्रणी केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार है। केंद्र सरकार इन क्षेत्रों में विकास और वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार को सभी आवश्यक सहायता और बुनियादी ढाँचा प्रदान कर रही है। मोदी ने कहा कि जब मैं गुजरात का नव-निर्वाचित मुख्यमंत्री था, तो मैं हैदराबाद में चंद्रबाबू नायडू द्वारा की जा रही पहलों पर बहुत बारीकी से नजर रख रहा था। मैंने बहुत कुछ सीखा और आज मुझे उन्हें लागू करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि एनटीआर गारु ने एक जीवंत और विकसित आंध्र प्रदेश की कल्पना की थी। आइए हम सब मिलकर अमरावती और आंध्र प्रदेश को राष्ट्र के लिए अग्रणी विकास इंजन में बदलने का प्रयास करें। एनटीआर गारु के पोषित सपने को पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने अपने भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे के विकास पर काफी जोर दिया है, जिससे यह इस मामले में सबसे तेजी से आधुनिक हो रहे देशों में से एक बन गया है। आंध्र प्रदेश, विशेष रूप से इस प्रगति का प्रमुख लाभार्थी रहा है। आज, राज्य में हजारों करोड़ रुपये की रेल और सड़क परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ, जिससे इसके बुनियादी ढांचे के विकास को और बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि अमरावती इंद्रलोक की राजधानी है और यह महज संयोग नहीं है कि अमरावती आंध्र प्रदेश की राजधानी है। यह स्वर्ण आंध्र की स्थापना का प्रतीक है। स्वर्ण आंध्र, विकसित भारत के मार्ग को सशक्त करेगा और अमरावती स्वर्ण आंध्र के विजन को सशक्त करेगा।

### अर्जेंटीना में 7.4 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

**अर्जेंटीना, 2 मई।** साउथ अमेरिकी देश अर्जेंटीना में 7.4 तीव्रता का भूंकप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे आया है। भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिणी राज्य उशुआइया से 222 किमी दूर समुद्र में ड्रेक पैसेज में था, जिसकी गहराई 10 किमी थी। बता दें कि ड्रेक पैसेज दक्षिण अमेरिका के केप हॉर्न , चिली, अर्जेंटीना और अंटार्कटिका के दक्षिण शेटलैंड द्वीपों के बीच का समुद्री इलाका है। प्रशासन ने लोगों से ऊंची जगहों पर जाने के लिए कहा है। प्रभावित इलाकों में सुनामी की चेतावनी वाले सायरन बजना शुरू हो गए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

### पाकिस्तान का झंडा हटाने पर छात्रा को स्कूल से निकाला

**सहारनपुर, 2 मई।** सहारनपुर में सड़क पर चिपका पाकिस्तान का झंडा हटाने को लेकर छात्रा को स्कूल से निष्कासित कर दिया गया। स्कूल प्रबंधन ने जांच के लिए कमेटी बनाई है। वहीं इस मामले में छात्रा ने कहा- मुझे नहीं पता था कि सड़क पर पाकिस्तान का झंडा चिपका हुआ है। मुझे लगा कि मेरे रिलीजन का झंडा पड़ा हुआ है। जब मैं उसको हटाने की कोशिश कर रही थी तो देखा कि वह पाकिस्तान का झंडा है। जिसे देखकर मैंने उसे वहीं छोड़ दिया। फिर मैंने झंडे पर लात भी मारी। मामला गंगोह इलाके का है। दरअसल, दरअसल, 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम की

#### छात्रा बोली- मुझे लगा मेरे रिलीजन का है, पाकिस्तानी झंडा देख मैं लात मारकर चली आई

बैसरन घाटी में आतंकियों ने 27 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली मारने से पहले लोगों से धर्म पूछा गया था। इसी को लेकर पूरे देश में प्रदर्शन चल रहा है।29 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में कुछ संगठनों ने पाकिस्तान का झंडा सड़क पर चिपकाया था। जिसे छात्रा हटाने पहुंची। इसी बीच किसी ने वीडियो बनाकर शेयर कर दिया।

### बंगाल सरकार के नए मंदिर 'जगन्नाथ धाम' को लेकर विवाद

**भुवनेश्वर, 2 मई।** पश्चिम बंगाल के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर के नाम को लेकर ओडिशा में विरोध शुरू हो गया है। पुरी जगन्नाथ मंदिर के पंडितों, सेवकों, विद्वानों, कलाकारों और शोधकर्ता मंदिर का नाम जगन्नाथ धाम रखने पर आपत्ति जता रहे हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को पूर्वी मेदिनीपुर जिले के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन किया था। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मंदिर को जगन्नाथ धाम नाम दिया।ओडिशा के लोगों ने मंदिर बनाने का समर्थन किया, लेकिन नाम पर एतराज जताया। उनका कहना है कि जगन्नाथ धाम सिर्फ पुरी में है, अन्य मंदिर को यह नाम देना हिन्दू मान्यताओं-परंपराओं के खिलाफ है। सैंड आर्टिस्ट पद्म श्री सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के CM मोहन चरण माझी को चिट्ठी लिखकर पश्चिम बंगाल सरकार से बात करने का आग्रह किया है। उन्होंने ममता बनर्जी से भी माफी मांगने को कहा है।

# नेशनल हेराल्ड केस : सोनिया और राहुल गांधी को राउज एवेन्यू कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**दिल्ली, 2 मई।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र पर कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य को नोटिस जारी किया। अगली तारीख 8 मई, 2025 तय करते हुए अदालत ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य प्रस्तावित आरोपियों को आरोपपत्र के संज्ञान के समय सुने जाने का अधिकार है। आगे कहा कि निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए किसी भी स्तर पर सुनवाई का अधिकार आवश्यक है, जिससे नोटिस जारी करने की आवश्यकता पर बल मिलता है। इससे पहले 25 अप्रैल को अदालत ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य को नोटिस जारी करने से फिलहाल कर दिया था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। ईडी ने दावा किया है कि कानून के नए प्रावधानों के अनुसार, शिकायत पर संज्ञान (ईडी के आरोपपत्र के समतुल्य) आरोपी को सुने बिना नहीं लिया जा सकता। ईडी ने अदालत से कहा, "हम नहीं चाहते कि यह आदेश लंबा चले। नोटिस जारी किया जाए।" न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि इससे पहले कि अदालत इस बात से जब तक संतुष्ट न हो जाए कि नोटिस की आवश्यकता है, तब तक वह "ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती"। न्यायाधीश ने कहा कि अदालत को कोई भी आदेश पारित करने से पहले यह देखना होगा कि कोई कमी तो नहीं है। अदालत ने कहा, "जैसा कि अहलमद ने बताया है, आरोप-पत्र में कुछ दस्तावेज गायब हैं। ईडी को उन दस्तावेजों को दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है। इसके बाद अदालत नोटिस जारी करने पर फैसला करेगी।" ईडी ने कहा कि वह "बहुत पारदर्शी" है। ईडी ने अदालत से कहा, "कुछ भी नहीं छिपाया जा रहा है। संज्ञान लिए जाने से पहले उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है।"


घर के बाहर घर जैसा आराम
होटल वैशाली

मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद
(बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)
एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें।
मो.- 9919404087

कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष
उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज
रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

निदान चिकित्सा केन्द्र
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003
डा. गुंजन यादव
( M.B.B.S., D.G.O. )
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. रोहित यादव
( M.B.B.S., M.D. )
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

डा. राधेश्याम यादव
( M.B.B.S., D.T.C.D. ), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ( C.M.O ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी ( D.T.O. ) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक ( J.D. ) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ ( रजि. नं.- 29775 )
प्रबंधकः- हरगोविन्द यादव

# सम्भावित बाढ़ की कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध कराएं सम्बन्धित विभागः डीएम





बहराइच। जिले में संभावित सूखे एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सम्बन्धित विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों के सम्बन्ध में बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित ''बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप'' की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बाढ़ से सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया है कि बाढ़ से सम्बन्धित अपने-अपने विभाग की कार्ययोजना जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें जिससे बाढ़ एवं सूखा के सम्बन्ध में प्रभावी कार्ययोजना को अन्तिम रूप प्रदान किया जा सके। बाढ़ की समुचित तैयारियों के सम्बन्ध में जारी शासनादेश के सम्बन्ध में सरयू ड्रेनेज खण्ड के सहा.अभि. सुरज सिंह द्वारा संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर डीएम ने सम्बन्धित का वेतन बाधित करते हुए आपदा कन्ट्रोल रूम से सम्बद्ध किये जाने का निर्देश दिया। जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि समय रहते बाढ़ चौकियों के लिए चिन्हित स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराएं। क्षेत्र के चिन्हित गोताखोरों एवं नाविकों के मोबाइल नम्बर तथा क्षेत्र में नावों की उपलब्धता इत्यादि की सूची तैयार कर ली जाय। सम्भावित सूखे एवं ग्रीष्म ऋतु के मद्देनज़र ड्रेनेज, नलकूप व जिला पंचायत राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी जल स्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को संभावित सूखे के दौरान पानी की दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने अधि.अभि. जलनिगम व अधि. अधि. नगर पालिका को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन सुनिश्चित कराते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे। अधि.अभि. नलकूप को निर्देश दिया गया है कि शुष्क मौसम एवं संभावित सूखे को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। कृषि विभाग को निर्देश दिया कि गत वर्ष की बाढ़ के दौरान यदि कृषकों के कृषि अनुदान का पैसा अवशेष है तो शत-प्रतिशत वितरण करा दिया जाय। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि बाढ़ के दौरान टापू की स्थिति में आने जाने वाले क्षेत्रों जैसे भरथापुर इत्यादि क्षेत्रों में पूर्व से राशनकिट व नाव इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित कर लिये जायें। अधि.अभि. विद्युत को निर्देश दिया गया है कि खराब ट्रांसफार्मरर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहाँ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। विद्युत आपूर्ति में बाधा के कारण कहीं पर कानून व्यवस्था बिगड़ने जैसी बातें न होने पाएं इसके लिए एस.डी.एम. और सी.ओ. को सतर्कता बरतने को कहा गया है। विशेषकर बाढ़ क्षेत्रों में संभावित बाढ़ के लिए अभी से कार्ययोजना तैयार कर लें। बाढ़ के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लो.नि.वि. के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर बाढ़ क्षेत्र के सड़कों इत्यादि के अनुरक्षण समय से कराना सुनिश्चित करें ताकि बचाव व राहत कार्यों के संचालन में कोई कठिनाई न हो। डीएम ने सीवीओ को निर्देश दिया कि बाढ़ एवं सूखे के मद्देनजर पशुओं के चारे व उपचार आदि की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करा लें और गर्मी में पशुओं को हरे चारे से होने वाली बीमारी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं। कृषि, आपूर्ति एवं पुलिस विभाग को भी खाद, बीज, उर्वरक, खाद्यान्न तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया है कि बाढ़ एवं सूखे की स्थिति में सभी आवश्यक दवाओं के प्रबन्ध तथा पीएचसी व सीएचसी पर आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाय। आमजनमानस द्वारा अपनायी जाने वाली सावधानियों इत्यादि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि लोगों को इस बात की जानकारी रहे कि किसी आपदा की स्थिति में उन्हें क्या करना है और क्या नहीं करना है। जनपद के समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि गर्मी के मौसम के लू-प्रकोप के दृष्टिगत सभी कार्यस्थलों पर श्रमिकों इत्यादि के लिए स्वच्छ पेयजल का उपयुक्त प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय। बैठक का संचालन एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, सीएमओ डॉ. संजय कुमार, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, बीएसए आशीष कुमार, बाढ़, सिंचाई व नलकूप खण्ड के अधि.अभि., सम्बन्धित तहसीलों के एसडीएम व तहसीलदार, पशुपालन, स्वास्थ्य, पंचायती राज विभाग के अधिकारी, नगर निकायों के अधि.अधि. सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दुर्घटना में मृतक 04 श्रमिको के हिताधिकारियों को मिली क्षतिपूर्ति धनराशि



बहराइच । वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट चैम्बर में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने थाना दरगाह शरीफ क्षेत्रान्तर्गत राजगढिया राइस मिल के ड्रायर में हुई दुर्घटना में 04 मृतकों के हिताधिकारियों को रू. 47 लाख 01 हज़ार 212 की धनराशि का एकाउण्ट पेई चेंक भेंट किया। उल्लेखनीय है कि उक्त दुर्घटना में 05 श्रमिकों की मृत्यु हुई थी जिसमें से 01 श्रमिक गफ्फार पुत्र बहार अली के हिताधिकारियों द्वारा सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने के कारण उनका भुगतान आदेश अभी जारी नहीं हो सका है। डीएम ने बताया कि हिताधिकारियों द्वारा सक्षम अभिलेख प्रस्तुत करने पर मृतक के हिताधिकारियों को रू. 15,04,425=00 धनराशि भुगतान आदेश शीघ्रजारी कर दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में मृतक कुशल श्रमिक रजनेश कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र आयु 30 वर्ष हेतु रू. 14,13,730=00, मृतक अकुशल श्रमिक बिट्टू शाह उर्फ अमरदीप कुमार पुत्र दिलीप शाह आयु 30 वर्ष हेतु रू. 11,48,288=00, बबलू प्रजापति उर्फ अंकित कुमार पुत्र बारे लाल आयु 28 वर्ष हेतु रू. 11,69,232=00 तथा जहरूल हुदा पुत्र मुतुज़ा हुसैन आयु 43 वर्ष हेतु रू. 9,69,962=00 की धनराशि का भुगतान आदेश सम्बन्धित हिताधिकारियों को सौंपा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन

बहराइच । जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मई के प्रथम शनिवार 03 मई 2025 को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी तथा तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# 10 अपराधियों के विरूद्ध जिला मजिस्ट्रेट ने गैंगस्टर एक्ट के तहत की कार्रवाई

बहराइच । शिवम सिंह पुत्र अर्जुन सिंह उम्र 30 वर्ष (गैंगलीडर) निवासी हरियागढ़ थाना करनैलगंज जिला गोण्डा, कन्हैया सिंह पुत्र सबल बहादुर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी इमलियागंज थाना पयागपुर जिला बहराइच, सुधीर सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी चिरैयाटाड़ थाना हुजूरपुर जनपद बहराइच, दिवाकर सिंह पुत्र स्व0 रामनरायन सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी चिरैया टांड थाना हुजूरपुर जिला बहराइच के विरूद्ध गैगेस्टर एक्ट के तहत जिला मजिर्स्ट्रेट, बहराइच द्वारा कार्यवाही की गयी है। श्याम बिहारी उर्फ गुड्डू चौधरी पुत्र रक्षाराम चौधरी उम्र 35 वर्ष (गैंगलीडर) निवासी चौखड़िया थाना को0 देहात जिला बहराइच, भानू प्रताप पुत्र सत्यदेव प्रसाद उम्र 38 वर्ष निवासी सिलेटरगंज थाना नानपारा जिला बहराइच, रफीक अहमद पुत्र कलाम अहमद उम्र 27 वर्ष निवासी खजुहा थाना रामगांव, जिला बहराइच, सलमान पुत्र मुनीजर उम्र 23 वर्ष निवासी गुलरहिया थाना रिसिया जिला बहराइच, कृष्ण कुमार पाण्डेय पुत्र स्व0 रामदेव पाण्डेय उम्र 31 वर्ष निवासी चौखड़िया थाना को0 देहात जिला बहराइच व अतीन पुत्र स्व0 अल्ताफ उम्र 31 वर्ष निवासी अखिलापुर थाना रामगांव जिला बहराइच के विरूद्ध गैगेस्टर एक्ट के तहत जिला मजिर्स्ट्रेट बहराइच द्वारा कार्यवाही की गयी है।

# विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों की उपेक्षा शिक्षक बर्दाश्त नहीं करेंगे:आनंद कुमार



बहराइच। एक मई को शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हजारो शिक्षकों ने धरना देकर समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुवे मुख्यमंत्री को संबोधित 15 सूत्रीय माँगपत्र/ज्ञापन ज़िलाधिकारी के प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बहराइच के जिला अध्यक्ष आनन्द कुमार पाठक ने की। जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय ने बैठक का संचालन करते हुए बताया प्रदेश अध्यक्ष डॉ . दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों की अनेकों लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु बेसिक शिक्षकों के 15 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन हो रहा है।उसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जा रहा है। 15 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से 2003 के बाद नियुक्त सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन की बहाली करना , वर्षों से लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया को शीघ्र संपादित करना, सभी प्रकार केअंतर्जनपदीय एवं अंत: जनपदीय स्थानांतरण , सभी शिक्षकों के लिए सामूहिक बीमा 10 लाख करना , विद्यालय की संचालन अवधि टाइम एवं मोशन के अनुसार ग्रीष्म कालीन प्रात: 7:00 बजे से 12:00 तक कार्यअवधि ( 5 घंटे किया जाना) , विकलांग शिक्षको हेतु दिव्यांग वाहन भत्ता हेतु आदेश निर्गत करने के लिए लगातार अधिकारियों से वार्ता हो रही है परंतु विभाग इन समस्याओं को नज़रंदाज़ कर रहा है। जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक ने धरने को संबोधित करते हुए कहा विभागीय अधिकारियों की शिक्षक समस्याओं के प्रति उपेक्षा शिक्षक बर्दास्त नही करेंगे।शिक्षक नेताओ में विनय सिंह, सुरेश सरोज,महेंद्र पाल सिंह, उमाप्रसाद,कृपा शंकर दूबे, सुखदराज सिंह,तनवीर आलम,चंचरिक पाण्डेय, उमाकांत तिवारी,अमित मिश्रा, राकेश यादव,विनोद कुमार पांडे, तजवापुर अध्यक्ष भुवनेश्वर पाठक,अनिल सिंह,जय सुख लाल मिश्रा,डॉ चन्द्र शेखर नागवंशी,सतीस कुमार पांडेय,संध्या सिंह,सुनील मिश्र, धर्मेंद्र अवस्थी, वीरेंद्र कुमार ओझा,मोहम्मद जुबैर,के के वर्मा, धर्मवीर भारती,सौरभ बंसल,फैज मोहम्मद,राजेश कुमार गुप्ता, रवींद्र प्रताप सिंह,कैलाश चंद्र,शैलेंद्र कुमार वर्मा,सुग्रीव वर्मा,रजनीश उपाध्याय,अभय राज मिश्रा,प्रभात कुमार,भारत शुक्ला,ज्ञान प्रकाश पांडे, मनीष मौर्य,राज कुमार पांडे,देवेंद्र कुमार आदि अनेक शिक्षक प्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।धरने में जनपद से भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा नव प्रशिक्षित उपाधीक्षक को सम्मानित कर दी गई विदाइ



बहराइच।पुलिस अधीक्षक द्वारा नव प्रशिक्षित पुलिस उपाधीक्षक सुश्री प्रियंका यादव को व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर स्टार व बैज लगाकर सम्मानित किया गया तथा गैर-जनपद स्थानान्तरण पर उनके उज्ज्वल भविष्य् की कामना करते हुए विदाई दी गयी।पुलिस उपाधीक्षक सुश्री प्रियंका यादव द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी, मुरादाबाद से अपना अकादमिक प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात जनपद बहराइच में व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु दिनांक 06.11.2024 को आगमन हुआ था। अपने व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने जनपद के विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं में नियुक्त रहते हुए प्रशासनिक कार्यों की व्यावहारिक समझ विकसित की, साथ ही जनपद के थाना को नानपारा में स्वतंत्र प्रभार में अपनी सेवा प्रदान करते हुए ड्यूटी में विभिन्न चुनौतियों का सामना कर कुशलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। दिनांक 01.05.2025 को व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण होने पर पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा उन्हें स्टार व बैज लगाकर उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की गयी।उपाधीक्षक सुश्री यादव के महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन,उत्तर प्रदेश, लखनऊ स्थानान्तरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर, कार्यकाल के दौरान उनके पदीय कर्तव्यों के निर्वहन की सराहना करते हुवे उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर विदाई दी गई।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी लाइन राज सिंह, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, स्वामी रवि गिरि जी महराज महामण्डलेश्वर श्री सिद्धनाथ मंदिर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट में हुआ आंशिक बदलाव

बहराइच ।अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आगामी 04 मई 2025 को जिले के 06 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 07 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होने वाली नीट-2025 प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र किसान पी.जी. कालेज, ब्लाक-बी हेतु पूर्व में नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक नानपारा संजय कुमार के स्थान पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध यादव को सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित किया जाता है।

## निरस्त किया गया निवास प्रमाण-पत्र

बहराइच । उप जिलाधिकारी महसी ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या 402 दिनांक 29 अप्रैल 2025 के क्रम में नायब तहसीलदार तजवापुर द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या 01 मई 2025 के आधार पर मीना देवी पत्नी त्रिलोकी, नि. ग्राम माफिकपुर, बहराइच के पक्ष में निर्गत निवास आवेदन संख्या 241800020111910 व प्रमाण पत्र संख्या 502242010160 को निरस्त किया जाता है। उप जिलाधिकारी महसी ने बताया कि उपरोक्त निवास प्रमाण पत्र का उपयोग किसी भी राजकीय योजना के लाभ, व्यवसाय, नौकरी आदि के लिये नही किया जायेगा, यदि आवेदकों द्वारा इसका उपयोग किया जाता है तो वह नियमों के विपरीत होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

# अधीक्षक ने उपकेंद्र स्तरीय बैठक का किया औचक निरीक्षण

बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजवापुर के अंतर्गत उपकेंद्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिरो के अंतर्गत होने वाले ,बैठक की गुणवत्ता जाँचने हेतु अधीक्षक डॉ अभिषेक अग्निहोत्री ने केशवापुर व दहाव का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान कुल 06 आशाएं अनुपस्थित पाई गई। जिनमे से दो आशाओं द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मे गर्भवती महिलाओं को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेजवापुर गई थी। अधीक्षक ने उपस्थित आशाओं से सीबैक फार्म ,आभा आईडी संस्थागत प्रसव टी बी के लक्षण युक्त व्यक्तियों के भेजे गए सैम्पल गर्भवती महिलाओं की एएनसी जाँच व बच्चों के टीकाकरण, आशा डायरी आदि की जानकारी ली गई तथा आशा गायत्री त्रिपाठी को एक सप्ताह के भीतर आभा आईडी व अन्य कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया अन्यथा की स्थिति मे कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई ।अधीक्षक द्वारा उपस्थित एएनएम व सीएचओ के समीक्षा रजिस्टर पर रोष व्यक्त करते हुवे एक सप्ताह के अंदर अपने अभिलेख पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।उन्होने बताया की शेष अनुपस्थित आशाओ के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यक्रम के दौरान बीसीपीएम रोहित वर्मा,बीपीएम अनुराधा कुशवाहा,आशा गीता देवी, रेनू देवी, रूबी देवी,किरन शर्मा, कल्याणी मिश्रा, संगनी नीलम त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहीं।

# बच्चों के टीबी जांच के लिए , लिया जाता है पेट से तरल पदार्थ :सीएमओ



बहराइच।सीएमओ ऑफिस के धन्वंतरि सभागार में संस्था डब्ल्यूएचपी के सहयोग से जिला स्तर पर स्टाफ नर्सों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार और जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने की। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में टीबी रोग की जल्द पहचान और समय पर इलाज में स्टाफ नर्सों की भूमिका को मजबूत करना था। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. संजय कुमार ने गैस्ट्रिक एस्पिरेट (पेट से लिया गया तरल नमूना) और उससे होने वाली जांच की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों में बलगम नहीं निकल पाता, इसलिए उनके पेट से सुबह खाली पेट एक पतली नली के जरिए तरल पदार्थ निकाला जाता है। इसी नमूने से यह पता लगाया जाता है कि बच्चे को टीबी है या नहीं। इस तरीके से टीबी की जल्दी पहचान संभव हो जाती है, जिससे इलाज तुरंत शुरू किया जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि बच्चों में टीबी की पहचान और इलाज के लिए बाल टीबी जांच क्रम नामक एक निर्धारित प्रक्रिया होती है, जिससे जांच और इलाज के हर चरण को समझना आसान होता है। उन्होंने बताया कि बच्चों में टीबी के लक्षण वयस्कों से अलग होते हैं—जैसे दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, रात में बुखार बढ़ना, वजन कम होना, थकावट, सांस लेने में दिक्कत, और गले या बगल की ग्रंथियों में सूजन। इसके अलावा कमजोरी, भूख न लगना और शरीर में दर्द जैसे संकेत भी दिख सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखें तो बच्चे को तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए।मास्टर ट्रेनर डॉ. पीके तिवारी ने बच्चों में टीबी की बुनियादी जानकारी दी, ताकि स्टाफ नर्सें समय पर लक्षण पहचान सकें।

मेडिकल कॉलेज से आए वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद ने बताया कि गैस्ट्रिक एस्पिरेट और बलगम उत्पन्न करने की तकनीक को सीएचसी स्तर पर कैसे अपनाया जाए। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से आईं स्टाफ नर्सों और मेडिकल कॉलेज की नर्सों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डब्ल्यूएचपी टीम से राज्य स्तरीय नर्स मेंटर दिलशाद बानो और जिला कार्यक्रम समन्वयक मनमोहन दीक्षित भी उपस्थित रहे।

# हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर रचा इतिहास



बाराबंकी । कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती को फलीभूत करते हुए ग्राम निजामपुर, ब्लाक बनीकोडर तहसील रामस्नेही घाट, जिला बाराबंकी के निवासी राम केवल पुत्र जगदीश ने आज़ादी के बाद निजामपुर गाँव के इतिहास में पहली बार हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रचा है.. मानव की उत्पत्ति के बाद से अब तक तमाम पीढ़ियाँ गुज़रीं,किन्तु निजामपुर गांव, निकट अहमदपुर टोल प्लाजा, बाराबंकी का कोई भी व्यक्ति बोर्ड परीक्षा वर्ष -2024 तक हाईस्कूल परीक्षा पास नहीं कर पाया। नवाचार मिशन पहचान के अंतर्गत विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं ज्ञान में वृद्धि हेतु संचालित, आज का विचारबाल न्यूज सेन्टरफन डे, ञओ एम आर सीट पर अधिगम स्तर का मासिक मूल्यांकन इत्यादि गतिविधियों से इसी गांव के राम केवल ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025, राजकीय इण्टर कॉलेज, अहमदपुर बाराबंकी से उत्तीर्ण कर, गांव निजामपुर का हाई स्कूल उत्तीर्ण करने वाला प्रथम छात्र बना जो न सिर्फ़ राम केवल की जीत है, बल्कि पूरे परिवार,गांव,समाज और राजकीय इण्टर कॉलेज -अहमदपुर के लिए भी गर्व का पल है। राम केवल जो रास्ता शुरू किया है, वो आने वाली पीढ़ियों को रोशनी दिखाएगा। एक प्रेरणादाई इतिहास लिखने के लिए राम केवल एवं उनके परिवार को फिर से ढेरों बधाई एवं शुभकामना।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.द्वारा तरुणमित्र हिन्दी दैनिक के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक-आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए आदर्श कुमार इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

बहराइच । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार 10 मई, 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एनआईएक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा। सचिव ने बताया कि 10 मई 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ मध्यस्थता मामलों (आरबीट्रेशन मैटर) पर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है।

# पर्यटन नीति-2022 के प्रचार-प्रसार हेतु कैम्प का आयोजन

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सराय एक्ट सम्बन्धी पृच्छाओं के निस्तारण हेतु उद्यमियों, निवेशकों के सुविधार्थ 06 मई 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लेज़र रिसार्ट में कैम्प का आयोजन किया गया है। डीएम ने बताया कि कैम्प के सफल आयोजन हेतु पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव एवं मेसर्स के.पी.एम.जी. को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सराय एक्ट संबंधी पृच्छाओं के निस्तारण एवं सम्बन्धित इकाईयों का नियमानुसार पंजीकरण तथा उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के व्यापक प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत नगर मजिस्ट्रेट, बहराइच को नामित किया गया है।

# नीट-2025 प्रवेश परीक्षा के दौरान नामित किये गये अधिकारी

बहराइच। राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, उच्चतर शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा आगामी 04 मई 2025 को आयोजित नीट(यूजी)-2025 परीक्षा जिले के जिले के 06 शिक्षण संस्थाओं में स्थापित किये गये 07 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधि.अभि. विद्युत बहराइच द्वारा परीक्षा केन्द्र से सम्बन्धित उपकेन्द्रों के लिए कार्मिकों के साथ-साथ पर्यवेक्षण एवं नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं। अधि.अभि. विद्युत ने बताया कि उपकेन्द्र बशीरगंज के लिए अ.अभि. सी.बी. गुप्ता, अस्पताल चौराहा के लिए अ.अभि. रवि कुमार व सिविल लाइन के लिए अ.अभि. राज तिलक को पर्यवेक्षण अधिकारी तथा उपखण्ड अधिकारी मुकेश कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसी प्रकार उपकेन्द्र डीज़ल पावर हाउस के लिए अ.अभि. अजय बिहारी यादव को पर्यवेक्षण अधिकारी तथा उपखण्ड अधिकारी महेन्द्र कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# ट्रेन के दरवाजे पर बैठे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत

गोंडा। गोंडा जिले के छपिया थाना क्षेत्र में एक दुर्घटना में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। खम्हरिया बुजुर्ग गांव के पास गोंडा से बस्ती जा रही ट्रेन से गिरकर युवक की जान चली गई है। 72 घंटे बाद भी मृतक युवक की पहचान नहीं हो पाई है सोशल मीडिया का सहारा लेकर पुलिस पहचान करने में जुटी हुई है। ये घटना 30 अप्रैल की देर शाम की है जब मृतक युवक गोंडा से बस्ती की तरफ जा रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, तेज रफ्तार ट्रेन के दरवाजे पर बैठे युवक के गिरने से यह हादसा हुआ। छपिया थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई की। 72 घंटों तक मृतक की पहचान न होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। अब छपिया पुलिस और बभनान आरपीएफ सोशल मीडिया के जरिए मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रहे हैं। मृतक युवक के सिर में तेज रफ्तार ट्रेन से गिरने के कारण ज्यादा चोट लग गई थी जिसके कारण मौत हुई है। छपिया थाना अध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को सुरक्षित रखा गया है। पुलिस मृतक की पहचान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वही जब पूरे मामले को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर बभनान विश्वास यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सिविल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है हम लोगों द्वारा भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं से सशक्त बनेगा भारत : राज्यपाल

## 22वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीय खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ



**अयोध्या।** प्रदेश की कुलाधिपति/राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल दो प्रकार के होते हैं। पहला राजनीतिक खेल का मैदान और दूसरा खेल का मैदान, इन दोनों खेलों में आपको तय करना है कि कौन सा खेल आपको पसंद है। जो खेलेगा, वही खिलेगा। आप सभी को खिलना है और देश को आगे बढ़ाना है। शरीर में गर्मी आएगी तभी आप खेल के मैदान में जीत पाएंगे। भारत को विकसित बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। कुलाधिपति ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया की शुरुआत की जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिला। नियम से खेल को खेलना हमें आगे बढ़ने की सीख देता है। विवि में होने वाले प्रत्येक खेल प्रतियोगिताओं में 40 प्रतिशत महिलाएं भी प्रतिभाग कर रहीं हैं जो हम सभी के लिए खुशी की बात है। दीक्षांत समारोह में 80 प्रतिशत महिलाएं मेडल हासिल कर रहीं है जो हम सभी के लिए चिंता का विषय है। हर क्षेत्र में महिला और पुरुष दोनों को आगे आना होगा। कहा कि सेना में भर्ती होना है, देश को आगे बढ़ते हुए देखना है तो खेलना बहुत जरूरी है। उन्होंने प्रत्येक विवि से अपील किया वे अपने क्षेत्र के इंटर तक के बच्चों में खेलकूद प्रतियोगिता कराएं, इससे हमारा भारत सशक्त बनेगा और आगे बढ़ेगा। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में आयोजित 22वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीय खेलकूद महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर संबोधित कर रहीं थीं। इससे पहले राष्ट्रगान हुआ। विवि कुलगीत और पौध एवं अंगवस्त्रम से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कुलाधिपति ने मशाल जलाकर व गुब्बारा उड़ाकर खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ किया। सभी टीमों ने मार्च पास्ट कर कुलाधिपति को सलामी दी। कुलपति ने सभी प्रतिभागियों को खेल की शपथ दिलाई। खेल महोत्सव के शुभारंभ पर 100 मीटर हीट की प्रतियोगिता आयोजित हुई, अन्य खेल प्रतियोगिता शाम पांच बजे से आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय खेलकूद महोत्सव में 24 राज्यों के 56 कृषि विश्वविद्यालयों से 2 हजार खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी व क्रीड़ा प्रभारी अधिकारी डा. संजय पाठक के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन डा. सीताराम मिश्रा ने किया।

### प्रदेश सरकार ने 490 खिलाड़ियों को दी सरकारी नौकरी: राज्यमंत्री

खेल महोत्सव के अवसर पर मौजूद विशिष्ट अतिथि खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरिश चंद्र यादव कहा कि खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी तभी वो आगे बढ़ेंगे। खेल की गतिविधि से जुड़कर युवा आगे बढ़ रहे हैं। यह सरकार खिलाड़ियों के लिए पौष्टिक आहार, खेल सुविधाएं, स्पोर्टस सेंटर उपलब्ध कराने का काम कर रही है। राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने खेल के लिए 1 हजार करोड़ रुपये के बजट को बढ़ाकर 4 हजार करोड़ रुपये कर दी है। प्रदेश की योगी सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचयातों के अंदर खेल के मैदान को विकसित करने का काम किया है। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नई खेल नीति ने युवाओं में एक नई उड़ान भरने का काम किया है। सरकार पदक विजेताओं को सरकारी नौकरी देने का कार्य रही है जिसमें 12 से अधिक खिलाड़ियों नौकरी दी गई है। सरकार ने नया इंफ्राटेक्चर बनाकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। स्पोर्ट्स कोटे के तहत भर्ती 490 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गई है।

### शिक्षा, शोध व प्रसार के क्षेत्र में तेजी के साथ हुआ विकास : कुलपति

खेल महोत्सव के अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि विवि ने शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रसार क्षेत्र में तेजी के साथ प्रगति की है। विद्यार्थियों के लिए 15 नए डिग्री प्रोग्राम और 51 मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इस सत्र से डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार में नैक में,++ पाने वाला यह भारत का पहला कृषि विवि है। पिछले पांच वर्षों के दौरान, विभिन्न फसलों की 30 किस्में विकसित की गई हैं। पिछले एक वर्ष के दौरान विवि को 25 पेटेंट प्रदान किए गए हैं। कुलपति ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए एक जरूरी साधन है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, पूसा, नई दिल्ली की सहायक महानिदेशक डा. विमलेश मान ने कहा कि खेलकूद से टीम वर्क को बढ़ावा मिलता है। अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन एक खेल जरूर खेलना चाहिए। खेलकूद से शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखने में बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षा को विषय के रूप में अनिवार्य रूप से लागू करना चाहिए। डा. मान ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य युवाओं के कंधों पर है। जब हमारे देश का युवा स्वस्थ रहेगा तभी यह सपना साकार हो सकेगा।

# अपहृता की बरामदगी के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा 2 मई को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-121/25 धारा-137(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित अपहृता शेजल सोनी पुत्री प्रदीप सोनी निवासी सोनार गली कस्बा बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 14 वर्ष को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर अभियुक्त सज्जन सिंह पुत्र बांकेलाल उम्र 20 वर्ष निवासी कैराती का पूरवा थाना इशानगर जनपद लखीमपुर खीरी की पहचान कर थाना बसखारी पुलिस टीम द्वारा अकबरपुर रोडवेज बस स्टैण्ड पर पहुँचकर अभियुक्त सज्जन सिंह पुत्र बांकेलाल को गिरफ्तार कर अपहृता शेजल सोनी को सकुशल बरामद कर नियमानुसार मेडिकल परीक्षण व धारा 180 व 183 बीएनएसएस के बयान की कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सज्जन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। अभियुक्त सज्जन सिंह का भाई मुन्ना उर्फ मुनऊ यादव भीड़ का फायदा उठाते हुए मौके से भागने में सफल रहा । *बसखारी पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना पर घटना का सफल अनावरण करते हुए 12 घण्टे अन्दर अपहृता की सकुशल बरामदगी कर सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।

# जानवरों की प्यास बुझाने के लिए पानी की हौदी रखने का कार्य होगा शुरू




**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन अयोध्या प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गर्मी के आरंभ में बेजुबान जानवरों की प्यास बुझाने हेतु हौदी रखने का कार्य होगा शुरू। फाउंडेशन कार्यालय पर संस्थापक बसंत राम के नेतृत्व में समाजसेवी गण एकत्र हुए संस्थापक बसंत राम ने सदस्यों से राय लिया कि मानव की तरह ईश्वर ने पशु पक्षियों को भी बनाया है इंसानों के लिए सभी प्रकार के संसाधन बने हुए हैं लेकिन बेजुबान जानवर इंसानों के अधीन है हम सभी मानव को जानवरों के प्रति इंसानियत रखनी चाहिए। ऐसे में मानव की तरह पशु पक्षियों को भी प्यास लगती है उनके लिए पानी की व्यवस्था हम सबको मिलकर करनी चाहिए।

बसंत राम ने कहा कि जहां पर लोग पानी स्वेच्छा से भर सके वहां पर हौदी रखने का कार्य सभी लोग मिलकर करिए उपस्थित सदस्य राम शंकर, नेहा कुमारी, पुष्पा गुप्ता एडवोकेट, मनीष गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किया संस्थापक बसंत राम ने बताया कि रविवार से विभिन्न क्षेत्रों में जहां पर लोग स्वेच्छा से पानी भर सके वहां पर हौदी रखने का कार्य किया जाएगा, जिससे बेजुबान जानवरों की प्यास बुझाई जा सके यही मानव का धर्म है सेवा परमो धर्म संस्थापक बसंत राम ने बताया कि रविवार को उपसभापति नगर निगम राजेश गोंड के कर कमलों से शुभारंभ किया जाएगा।

# रुदौली कोतवाली में लगाया गया नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

## 125 पुलिस कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य प्रशिक्षण



**शुजागंज अयोध्या।** प्रयागराज रोड पुरुषोत्तम नगर वार्ड ब्रह्मा बाबा स्थित करमभ मेमोरियल उपकार ऑर्थो मेडिकल सेंटर के ख्यातिलब्ध डॉक्टर एस के यादव व उनके सहयोगी डॉक्टर एस के द्विवेदी तथा डॉक्टर यदुनाथ शुक्ला तथा सहायक डॉक्टर शुभम यादव के साथ रुदौली कोतवाली में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इंस्पेक्टर संजय मौर्य सब इंस्पेक्टर शत्रुघन यादव व संध्या यादव सहित 125 पुलिस कर्मियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें स्थानीय संभ्रांत नागरिकों ने हिस्सा लिया चिकित्सकों ने शिविर में आने वाले लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया डॉक्टर एस के यादव ने बदलते मौसम में खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी ज्यादा समय तक बुखार या खांसी आने पर जांच करने की बात कही और कहा स्वास्थ्य परीक्षण के कई लाभ हैं। इससे हमें अपने स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में पता चलता है और हम आवश्यक कदम उठा सकते हैं। इसके अलावा, यह परीक्षण हमें स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करता है।

# साकेतवासी महंत रामभजन दास को दी श्रद्धांजलि



**अयोध्या।** सिद्धपीठ हनुमानकिला मंदिर रामघाट अयोध्या धाम के साकेतवासी महंत रामभजन दास रामायणी महाराज को संतों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को महंत रामभजन दास का त्रयोदश संस्कार रहा। तेरहवीं भंडारे पर उपस्थित संत-महंतों ने उनके चित्रपट पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। संतों द्वारा महंत के कृतित्व-व्यक्तित्व का बखान भी किया गया। विगत दिनों महंत रामभजन दास रामायणी महाराज का 92 वर्ष की अवस्था में साकेतवास हो गया था। वह पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। जिनका क्रिया-कर्म उनके उत्तराधिकारी रामकिशोर दास ने किया। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही रामकिशोर दास को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त कर दिया था। तब से रामकिशोर दास ही हनुमानकिला मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे हैं और उन्होंने गुरुदेव की खूब सेवा किया। महंत रामकिशोर दास ने कहा कि उनके गुरुदेव भजनानंदी होने के साथ साथ अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत थे। वह आज हम सबके बीच नही हैं। जिनकी कमी बहुत ही अखर रही है। भविष्य में उस रिक्त स्थान की पूर्ति कभी नही की जा सकती है। उनकी यश और कीर्ति सदैव हम लोगों के साथ रहेगी। गुरुदेव के बतलाए हुए मार्ग का अनुसरण कर आगे बढ़ेंगे। मठ का सर्वांगीण विकास करेंगे। आश्रम में ठाकुरजी की सेवा संग गौ, संत, विद्यार्थी, आगंतुक सेवा सुचार रूप से चलती रहेगी। अंत में महंत रामकिशोर दास ने पधारे हुए संत-महंतों को भेंट-विदाई दिया। त्रयोदश संस्कार पर महंत कमलनयन दास, जगदगुरु रामानंदाचार्य रामदिनेशाचार्य, जगदगुरु परमहंसाचार्य, महंत जन्मेजय शरण, महंत अवधेश दास, महंत अयोध्या दास, महंत रामानंद दास, महंत उमेश दास,महंत भरत दास शास्त्री, नंदराम दास, महंत अवधकिशोर शरण, महंत सच्चिदानंद दास, महंत रामलोचन शरण, महंत गिरीश दास, महंत शशिकांत दास, महंत रामजी शरण, सर्वेश्वर दास, महंत वीरेंद्र दास, महंत प्रियाशरण, महंत प्रियाप्रीतम शरण, महंत राममिलन दास, स्वामी छविराम दास, महंत जनार्दन दास, महंत रामकुमार दास, महंत श्रीधर दास, महंत उत्तम दास, महंत भूषण दास, महंत सीताराम दास, महंत कमलादास, महंत चंद्रशेखर दास, महंत रामअवध दास, महंत धर्मदास, महंत शिवराम दास, पुजारी रमेश दास, महंत अवनीश दास, महंत रामलखन शरण, महंत अशोक दास, महंत रामप्रकाश दास, महंत तुलसीदास दास आदि उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा ब्रिगेड अयोध्या ने की अग्निपीड़ित परिवारों की मदद



**शुजागंज (अयोध्या)।** विश्वकर्मा ब्रिगेड गोसाईगंज के विधानसभा अध्यक्ष राम फेर विश्वकर्मा जी द्वारा ज्ञात हुआ की दो दिन पहले गोसाईगंज विधानसभा अंतर्गत ग्राम कादीपुर में प्रेमचंद विश्वकर्मा लालमन विश्वकर्मा राम जन्म विश्वकर्मा राधे श्याम विश्वकर्मा राम अरज विश्वकर्मा के पांच परिवार मे अज्ञात कारण आग लग जाने से घर पर रखा सामान जल गया है यह जानकारी जैसे ही विश्वकर्मा ब्रिगेड अयोध्या के जिला प्रभारी पवन विश्वकर्मा व जिला अध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा को हुई उन्होंने अपने पदाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर पांचो परिवार की मदद के लिए चर्चा कि गई सभी ने श्रद्धा अनुसार पदाधिकारियों द्वारा धन की व्यवस्था कराई गई व आवश्यक सामग्रिओ की खरीदारी कि गई आज सुबह 7.00 बजे कादीपुर गोसाईगंज पहुंचकर परिवार से मिलकर उनको खाद्य सामग्री कपड़ा तिरपाल बर्तन व नगद राशि की व्यवस्था कराई गई और वहां के तहसील प्रशासन से बात कर हर संभव मदद दिलाने के लिए बात की गई इस मौके पर गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष रामफेर विश्वकर्मा जिला प्रभारी पवन विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष रंजीत विश्वकर्मा संरक्षक लल्लन विश्वकर्मा महासचिव अशोक विश्वकर्मा संरक्षक शीतला प्रसाद विश्वकर्मा जिला सचिव सुनील विश्वकर्मा राम जग विश्वकर्मा बुधराम विश्वकर्मा हरिराम विश्वकर्मा काली प्रसाद विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### मजलिस की तैयारी जोरों पर

**अम्बेडकरनगर।** जनपद अंबेडकरनगर के जलालपुर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित बहिश्त-ए-वफा(रौज-ए-हजरत अब्बास) आगामी 4 मई से 8 मई तक रात्रि 8 बजे आयोजित होने वाली मजलिस-ए- खम्सा की तैयारियां पूरी हो चुकी है। मोहम्मद मूसा ने बताया कि मोमनीन जाफराबाद की ओर से आयोजित होने वाली मजलिस-ए-खम्सा को जनपद बरेली सेथल के मौलाना इफ्तेखार अली फ़राज़ वास्ती खिताब करेंगे।

### पुलिस में चयनित होकर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**आलापुर (अम्बेडकरनगर)।** थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र के शंकरपुर वर्जी निवासी स्व योगेन्द्र मिश्र के पुत्र अतुल मिश्र ने उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्री लल्लनजी ब्रम्हचारी इंण्टर कालेज भरतपुर से हाईस्कूल एवं गांधी स्मारक इंण्टर कालेज राजे सुल्तानपुर से इंटरमीडिएट की शिक्षा हासिल करने वाले अतुल मिश्र शुरू से मेधावी छात्र थे।उ प्र पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा में सफलता के बाद अतुल मिश्रा ने मेडिकल दक्षता परीक्षा भी पास कर पुलिस की वर्दी प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है।इनकी सफलता पर मां सुमन देवी ने बताया कि पिता की मौत के बाद विखर चुके परिवार में अतुल के पुलिस बनने पर हमलोगों को संजीवनी मिल गई है। अतुल मिश्रा की इस सफलता पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया है।


## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश अयोध्या

लघुवाद सं0 772/2024

ता0 पेशी0 17.05.25

हीरालाल.................वादी

बनाम

अनन्तराम आदि.........प्रतिवादीगण

1.हीरालाल आयु लगभग 70 वर्ष पुत्र नेवाज 2.श्रीमती छोटी आयु लगभग 65 वर्ष पत्नी केसरी 3.दिनेश आयु लगभग 41 वर्ष 4.दिलीप कुमार आयु लगभग 38 वर्ष 5.मनोज आयु लगभग 36 वर्ष 6.राजकुमार आयु लगभग 34 वर्ष पुत्रगण केसरी निवासी पलिया शाहबदी परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या......वादीगण

बनाम-1.अनन्तराम पाण्डेय आयु लगभग 60 वर्ष पुत्र राम बहादुर पाण्डेय निवासी टोनिया बिहारीपुर ज्योतिषी सदन परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 2. मंजू रानी आयु लगभग 50 साल पत्नी अशोक यादव निवासी काली पाण्डेय का पुरवा टोनिया बिहारीपुर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 3.राममूरत यादव आयु लगभग 50 साल 4.राममूरत आयु लगभग 48 साल 5.राजेन्द्र कुमार यादव आयु लगभग 46 वर्ष 6.नरेन्द्र यादव आयु लगभग 46 वर्ष पुत्रगण रामबरन यादव समस्त निवासीगण टोनिया मऊ यदुवंशपुर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 7.कौशल्या देवी आयु लगभग 60 वर्ष पत्नी रामपाल तिवारी निवासी उसरू रायबरेली रोड परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 8.ऊषा शुक्ला आयु लगभग 50 साल पत्नी माता प्रसाद 9.पंकज शुक्ला आयु लगभग 30 वर्ष 10.नीरज शुक्ला आयु लगभग 28 वर्ष पुत्रगण माता प्रसाद 11.कृष्णा कुमार आयु लगभग 53 वर्ष 12. अशोक यादव आयु लगभग 50 वर्ष 13. सुरेन्द्र यादव आयु लगभग 48 वर्ष 14. महेन्द्र यादव आयु लगभग 45 वर्ष पुत्रगण श्यामलाल निवासीगण उसरू परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या..... प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 17 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 05 के 02 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज प्रथम जू.डि. अयोध्या

मूलवाद संख्या - 1146/2024

तारीख पेशी- 20.05.25

नीलम यादव आदि........वादीगण

बनाम

राहुल यादव.........प्रतिवादीगण

बनाम-1.राहुल यादव पुत्र बलराम यादव निवासी ग्राम समसुद्दीनपुर (मिर्जापुर माफी) परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 2.दिलीप यादव पुत्र तिलकराम यादव निवासी ग्राम सरेठी (लठियहवा) पोस्ट दर्शननगर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 3. अजय कुमार यादव पुत्र रामसुमिरन यादव निवासी ग्राम कन्धई का पुरवा पोस्ट डाभासेमर परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 4. विकास पुत्र बलराम वर्मा निवासी मकान नं 1/4/76 सहादतगंज परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या....... प्रतिवादीगण

हरगाह वादी... ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आप को हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 05 सन् 2025 ई. वक्त 10.00 बजे दिन के असालतन या मार्फत के वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया हो और कुछ शख्स हो कि जबाब ऐसे सवालात का जबाब दें सके हाजिर हो जबाब देही का दावा करे और आप को लाजिम है कि राज जुमला है दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आप को इत्तिला दी जाती है कि अगर बरीज मजकुर और हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर लजमूअ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत ओर मोहर अदालत के आज तारीख 01 माह 05सन् 2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज प्रथम जू.डी. अयोध्या

मूलवाद संख्या- 88/2025

ता. पेशी - 13/05/2025

प्रदीप कुमार श्रीवास्तव......वादी

बनाम

प्रदीप कुमार यादव आदि... प्रतिवादीगण

बनाम-1.प्रदीप कुमार यादव पुत्र राम चरित्र निवासी ग्राम समन्था (मड़ियावां) परगना अमसिन पोस्ट टंडौली तहसील सदर जिला अयोध्या 2. गौरी शंकर यादव पुत्र परशुराम यादव निवासी काजीपुर विस्वां पोस्ट जरही तहसील सदर जिला अयोध्या 3.राज कुमार उर्फ लवकुश श्रीवास्तव पुत्र स्व. कृपा शंकर निवासीगण ग्राम समन्था परगना अमसिन हाल पता निकट सुरेन्द्र लान ग्राम खोजनपुर परगना अमसिन तहसील सदर जिला अयोध्या 4.राजेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. कृपा शंकर निवासी ग्राम समन्था हाल पता रोशन नगर परगना अमसिन तहसील सदर जिला अयोध्या.......प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी उपरोक्त ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि उपरोक्त। अत: एवं आपकी एतत द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 13दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन को एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 04 के 25 दिवस को निकाली गई।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान प्रथम सिविल जज जू.डी. अयोध्या

मूलवाद संख्या- 1463/2021

ता. पेशी - 21/05/2025

आशीष कुमार पाण्डेय आदि.... वादीगण

बनाम

श्रीमती सीतापती आदि ..... प्रतिवादीगण

बनाम-1.श्रीमती सीता पत्नी पारसनाथ पाण्डेय, 2. श्रीमती पुष्पा पत्नी अमरनाथ पाण्डेय, 3. श्रीमती उर्मिला पत्नी देवनाथ पाण्डेय, 4. विमल कुमार पुत्र देवनाथ पाण्डेय, निवासीगण- ग्राम-अकमा पूरे चूड़ामणि बवां, परगना-खण्डासा, तहसील- मिल्कीपुर, जिला-अयोध्या, 5. दिनेश कुमार पुत्र रामदेव साकिन ग्राम- रुरुखास, परगना- पश्चिम राठ, तहसील- बीकापुर, जिला-अयोध्या.... प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित वादी उपरोक्त ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि उपरोक्त। अत: एवं आपकी एतत द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 21 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन को एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 04 के 25 दिवस को निकाली गई।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

(प्रारूप 7) (नियम 11 (1)

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 12 (1) के अधीन हाजिर होने के लिए सूचना

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (जू0डि0) त्वरित (प्रथम) महोदय, अम्बेडकरनगर

वाद संख्या-179/2023

धारा-12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, थाना-आलापुर, जनपद अम्बेडकरनगर

तारीख पेशी-6.5.2025 ई0

विनीता बनाम अरूण कुमार आदि

बनाम-1 अरूण कुमार आयु लगभग 30 साल पुत्र शिव प्रसाद (पति), 2 शिव प्रसाद आयु लगभग 55 साल पुत्र रामगनेश (ससुर), 3 श्रीमती रमावती आयु लगभग 52 साल पत्नी शिव प्रसाद (सास), 4 अजीत कुमार आयु लगभग 27 साल पुत्र शिव प्रसाद (देवर), 5 कुमारी अंजली आयु लगभग 24 साल पुत्री शिव प्रसाद (ननद) निवासीगण ग्राम व पोस्ट नीबा थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर-विपक्षीगण

याची............ ने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 (2005 का 43) की धारा 12 के अधीन आवेदन फाइल किया है । आपको यह कारण बताने के लिए कि क्यों न आवेदक द्वारा माँगे गये अनुतोष (अनुतोषों) को आपके विरूद्ध प्रदान कर दिया जाए, व्यक्तिगत रूप से या इस न्यायालय द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत काउंसेल के मार्फत तारीख 06 मास 05 सन 2025 को 10 बजे पूर्वान्हि/अपरान्ह में इस न्यायालय के समक्ष हाजिर होने का निर्देश दिया जाता है, इसमें असफल होने पर न्यायालय एकपक्षीय कार्यवाही करेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 05 के 01 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता नलकूप मण्डल, अयोध्या

अल्पकालीन ई-टेण्डर नोटिस संख्या-01/SE/TWC/AYO/2025-26

उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपाल की ओर से एक साथ तीन भागों में ऑनलाइन ई-बोली अर्थात् (i) अर्नेस्टमनी बिड (ii) तकनीकी बिड (iii) मूल्य बिड। तालिका में विवरण के अनुसार सिंचाई प्रयोजनों के लिए वस्तुएं अधोहस्ताक्षरी द्वारा केवल आई0एस0ओ0-9001 और आई0एस0ओ0-14001 प्रमाणित मूल निर्माता से आमंत्रिक की जाती है, जो राज्य के उद्योग निदेशक/एन0एस0आई0सी0/उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के साथ Priming End Suction Centrifugal Pumps के मूल निर्माता के रूप में पंजीकृत हैं या उनके अधिकृत एजेंट जो फर्म के निर्धारित कीमतों पर हों। पत्रता, योग्यता, तकनीकी शर्तों और विनिर्देश और बोलियों को प्रस्तुत करने की विधि आदि का विवरण उत्तर प्रदेश सरकार की ई-खरीद वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अपलोड किए गए बोली दस्तावेज में है। बोलीदाता के पास निविदा दस्तावेज में निर्धारित तकनीकी विनिर्देश और तकनीकी स्थिति में किसी भी विचलन को स्वीकार करने का कोई दावा नही होगा। अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी ई-बोली को रद्द करने/बोली प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। इस निविदा सूचना के अंग्रेजी और हिन्दी संस्करण में किसी भी तरह के अन्तर भिन्नता की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार हैः-

| S.N | Detail of work and other particulars | Quantity |
|---|---|---|
| (a) | Composite work of Manufacture & Supply, Erection, Commissioning and Testing at site of 03 Nos. Self priming end suction Centrifugal Pumps, 40 Cusec capacity and 8.8 Meter Head along with suitable 03 Nos. 415V LT Squirrel Cage Induction Motor, 01 Nos Self priming end suction Centrifugal Pump, 20 Cusec capacity and 8.8 Meter Head along with suitable 01 Nos. 415V LT Squirrel Cage Induction Motor, Supply of Suitable 415 V 3-Phase. Incoming Panel 02 Nos., 01 No. Bus Coupler Panel 04 Nos. Outgoing Feeder Panel, 04 Nos. FCMA Soft starter for above pump set, suitable 415V LT Capacitor 4 Nos, compatible with latest technology of automation for monitoring through SCADA, 04 Nos Sluice Valve 600 mm dia and 04 No. Reflux Valve 600mm dia., 04 No. 600mm Dia SS metallic expansion joint for delivery pipe, 1 No. LT Panel for auxiliary equipments,2 No. Dewatering pump set of 5 H.P , 2 No. Mud Pump set of 5 H.P, 4 No. Dismantling Joint of 600mm Dia for Delivery side pipe line, and other allied work including all material, labour T&P etc at Naipura Pumping station, Rudauli District-Ayodhya, Uttar Pradesh. | 01 Job |
| (b) | वेबसाइट पर बिड दस्तोवज की उपलब्धता की तिथि एवं समय। | 06.05.2025 from 10.00 Hours onwards |
| (c) | प्री-बिड मीटिंग की तिथि व समय | 16.05.2025 from 13.00 Hours |
| (d) | पी0डी0एफ0/एक्सएलएस प्रारूप में ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने की अवधि | From 22.05.2025, 10.00 Hours Up to 04.06.2025, up to 17.00 Hours |
| (e) | बोली दस्तावेज शुल्क और बोली सुरक्षा/उद्योंग पंजीकरण प्रमाण-पत्र ईएमडी से छूट के लिए बोली दस्तावेज के अनुसार आवेदन पत्र और अन्य सहायक दस्तावेज सम्बन्धित कार्यालय में जमा कराने तिथि एवं समय। | Up to 04.06.2025 up to 14.00 Hours |
| (f) | ऑनलाइन भाग "ए" खोलने की तिथि एवं तिथि जैसे-अर्नेस्टमनी बिड | 05.06.2025 at 12.00 Hours |
| (g) | ऑनलाइन भाग "बी" खोलने की तिथि एवं तिथि जैसे-तकनीकी बिड | 05.06.2025 at 16.00 Hours |
| (h) | ऑनलाइन भाग "सी" खोलने की तिथि एवं तिथि जैसे-फाइनेन्शियल बिड | ----- |
| (i) | प्री-बिड एवं बिड खोलने का स्थान | Office of the Superintending Engineer Tubewell Circle Ayodhya, Irrigation & Water Resources Department, U.P., Rammana colony -224001 |
| (j) | बिड दस्तावेज शुल्क | Rs. 7354.00 (Rupees Two Thousand Three Hundred and Fifty Four only) |
| (k) | बिड सुरक्षा (अर्नेस्टमनी शुल्क जमा) | Rs 965000.00 (Rupees Nine Lac Sixty Five Thousands Only) |
| (l) | कार्यावधि | 06 Months |

नोटः-1. यह निविदा सूचना सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://up.nic.in पर उपलब्धत है।
2. इस नोटिस के सम्बन्ध में संशोधत, यदि कोई हो, केवल उत्तर प्रदेश सरकार की ई-प्रोक्योरमेट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा।
3. यदि बोलियां खोलने की तिथि को अवकाश घोषित किया जाता है तो ई-बोलियां अगले सप्ताह के दिन उसी समय खोली जाएंगी।

Website: www.upgov.nic.in
UPID- 233213 DATE- 01.05.2025

अधीक्षण अभियन्ता
नलकूप मण्डल, अयोध्या

# तरुणमित्र

शनिवार, 03 मई 2025

संवत- 2082, वैशाख शुक्ल प्रक्ष.- 6


## विपक्षियों का मुद्दा छीना

*केंद्र सरकार का अगली जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने का निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। यह कदम देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदल सकता है। यह भी तय है कि जाति जनगणना के बाद जातियां आबादी के हिसाब से आरक्षण की भी मांग करेंगी। वहीं, NDA सरकार के इस कदम के साथ विपक्ष के हाथ से एक बड़ा मुद्दा भी निकल गया है, जिसे उसने पिछले आम चुनाव में भुनाने की कोशिश की थी। भारत में जनगणना की शुरुआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी। 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया।*

*2011 के सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना (SECC) में जाति के आंकड़ों को सरकार ने इसलिए सार्वजनिक नहीं किया, क्योंकि इसमें कई विसंगतियां बताई गई थीं। विपक्षी दलों ने जाति जनगणना की मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण को तर्कसंगत बनाया जाए और जातीय गोलबंदी का चुनावी फायदा लिया जाए। BJP पहले तो इसे लेकर दुविधा में थी, लेकिन जाति जनगणना का ऐलान कर अब उसने इस मुद्दे पर बढ़त बना ली है। लेकिन यह भी देखना होगा कि इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से वह कैसे निपटती है। फिर इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। हाल में कर्नाटक में जाति जनगणना की रिपोर्ट लीक हो गई। इसने वहां कांग्रेस सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। रिपोर्ट में OBC के लिए आरक्षण को 32% से बढ़ाकर 51% और मुस्लिम समुदाय के लिए 4% से 8% करने की सिफारिश की गई थी। वहीं, राज्य में प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों की आबादी उनकी उम्मीद से कम निकली। सर्वे के तरीके पर भी सवाल उठाए गए।*

*केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जातिगत जनगणना की घोषणा करते हुए कहा कि इससे समाज आर्थिक-सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा। लेकिन, अगर इसे सही ढंग से नहीं संभाला गया, तो यह विवाद भी खड़े कर सकता है। कर्नाटक हो या बिहार, पुराने सर्वे यही बताते हैं कि कभी भी, हर कोई पूरी तरह संतुष्ट नहीं हुआ। यह भी तय है कि इससे आरक्षण का मुद्दा जोर पकड़ सकता है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, दापत्य जीवन में अत्यधिक प्रगाढ़ता, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

**वृषभ**- कठिनाइयों का निवारण, इच्छित पद की प्राप्ति, मनोनुकूल कार्यों में अनुकूलता, मनोविनोद के अवसर सुलभ, अध्यात्म के प्रति आस्था, उल्लास का वातावरण।

**मिथुन**- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धनस पत्ति विषयक मसला हल, स्वविवेक का निर्णय हितकर, कर्ज की अदायगी, भोग विलासिता की ओर रुझान।

**कर्क**- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, कार्यों में असफलता, व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आरोग्य सुख में कमी, शत्रु सक्रिय, व्यय की अधिकता, पठन-पाठन में रुचि।

**सिंह**- व्यापार में विस्तार, अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर, लाभार्जन का मार्ग प्रशस्त, पारिवारिक कष्ट में कमी, आपसी स बन्धों में प्रगाढ़ता, सुपरिचितों से विचार विमर्श।

**कन्या**- आशाएं फलीभूत, सामाजिक राजनीतिक गतिविधियों में वृद्धि, वाहन से सुख, मानसिक उलझनों में कमी, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, अध्यात्म के प्रति आस्था।

**तुला**- समय शुभ, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन स पत्ति विषयक मसला हल, पुराने विवाद का समापन पक्ष में, परिवार में हर्ष।

**वृश्चिक**- दिनचर्या अव्यवस्थित, शंका-कुशंका से मतभेद, पारिवारिक खर्च में वृद्धि, राजकीय उलझनें, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, वाहन से भय भी।

**धनु**- समय संतोषजनक, मनोकामनापूर्ण, जनकल्याण की भावना जागृत, सुसमाचार मिलने से खुशी, आकस्मिक लाभ, विस्तार हेतु योजना फलीभूत, वाहन से सुख।

**मकर**- उन्नति का सुअवसर, किसी के माध्यम से नवीन कार्य की रूपरेखा, योजना का शुभारभ, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, सद्विचारों का उदय, वैवाहिक जीवन संतोषजनक।

**कुंभ**- कठिनाइयों का निराकरण, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, मंगल कृत्य स पादित, धनागम।

**मीन**- परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, विवादास्पद मसला हल न होने से अशांति, गलतफहमी के शिकार, इच्छित पद की प्राप्ति में व्यवधान, वाहन से भय।

**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

## वन विभाग ने किया ट्रैक्टर सहित ट्राली सीज




**नौगढ़, चंदौली।** जयमोहनी भूर्तियां गांव के समीप आरक्षित वन भूमि में अवैध रूप से मिट्टी खनन के आरोप में वन विभाग ने बीती रात एक टैक्टर ट्राली बरामद कर के वन अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी मझगाई योगेश सिंह ने बताया कि बुधवार को अर्धरात्रि में मुखबिर से सूचना मिली कि वन रेंज के जयमोहनी भूर्तियां के समीप आरक्षित वन भूमि में अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। सूचना को पुष्ट कर तत्काल मझगाई व जयमोहनी वन रेंज की गठित संयुक्त टीम ने दबिश देकर के मौके पर से मिट्टी लदी हुई एक टैक्टर ट्राली को पकड़ कर वन रेंज परिसर ले आया। वनविभाग की औचक कार्रवाई को देखकर अवैध रूप से खनन करने में संलिप्त जे सी बी मशीन व आधा दर्जन ट्रैक्टरों को लेकर मौके पर से चालक फरार हो गए। बरामद टैक्टर को सीज कर वन अधिनियम की धारा 26 41 42 व 52 क के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया गया है। अवैध रूप से खनन कार्य में संलिप्त जे सी बी मशीन व ट्रैक्टरों को चिन्हित कर के प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई किया जाएगा। वन विभाग की टीम में वन दरोगा सियाराम महेंद्र प्रताप वन रक्षक शिवपाल सहित मझगाई व जयमोहनी वन रेंज के वनकर्मी शामिल रहे।

# स्वर्गीय कैलाश नाथ जी: एक पुण्य स्मरण

भगवान श्री कृष्ण की आर्ष वाणी श्रीमद्भगवत गीता में है कि-

**जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च।**
**तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि।।**

अर्थात् जन्म लेने वाले की मृत्यु निश्चित है और मरने वाले का जन्म निश्चित है; इसलिए, जो अटल है अपरिहार्य – है उसके विषय में तुमको शोक नहीं करना चाहिये।। इस संसार का यह एक अटल सत्य है जिसे कभी मिटाया नहीं जा सकता। लेकिन कुछ ऐसे महान व्यक्तित्व होते हैं, जो अपनी विलक्षण प्रतिभा के चलते लोगों के दिलों में स्थाई जगह बना लेते हैं। उनमें से एक थे जौनपुर पत्रकारिता जगत के रत्न, संपादक स्वर्गीय कैलाश नाथ जी। जिनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। आप मां भारती के सच्चे सपूत, सरल, गंभीर, चिंतनशील और बनावट से रहित व्यक्तित्व के धनी थे। आपके अंतर्मन में राष्ट्रप्रेम कूट- कूट कर भरा था। सामाजिक जीवन में आप इतने रचे -बसे थे कि निर्भीक पत्रकारिता और समाज सेवा आपके जीवन का मूल था। क्षेत्रीय हिंदी पत्रकारिता सदैव चुनौतियों से भरी रही है। पूंजीपतियों द्वारा निकाले जाने वाले समाचार पत्रों के दौर में जब 1978 में तरुण मित्र की स्थापना हुई तब आपका यह निर्णय ऐतिहासिक और साहसिक था। तत्कालीन दौर में जब बड़े समाचार पत्र स्थानीय स्तर की खबरों के लिए नियमित अपना एक अलग पेज दिया शुरू कर दिए थे तब क्षेत्रीय स्तर पर दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन चुनौतीपूर्ण था। लेकिन आपनें बखूबी इस चुनौती को स्वीकार किया और परिणामत: तब से लेकर आज तक कैलाश नाथ जी द्वारा स्थापित और प्रकाशित तरुण मित्र पत्र राष्ट्रीय स्तर पर न केवल अपनी अलग पहचान बनाए है अपितु कई संस्करणों के साथ निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

आपकी दूरदृष्टि से,अपनी निर्भीक पत्रकारिता के चलते तरुण मित्र पूरे देश में जाना और पहचाना गया। इस पत्र को प्रकाशित,स्थापित और वटवृक्ष बनाने वाले स्वर्गीय कैलाशनाथ जी के शब्दकोश में विश्राम नहीं था। आपकी मेहनत का ही सुफल था कि प्रकाशन के बाद, दशकों तक सांध्यकालीन दैनिक तरुण मित्र को विभिन्न चुनिन्दा स्थानों पर चस्पा किये जाने पर,पढ़ने के लिए शहर के चौराहे जाम हो जाते थे। तरुण मित्र में प्रकाशित खबरों को शासन- प्रशासन बहुत गंभीरता से लेता था। तरुण मित्र प्रिंट मीडिया के उच्चतम आदर्शों का प्रतिबिंबन करता था। कैलाश नाथ जी का क्षेत्रीय पत्रकारिता में योगदान और महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है कि जिस तरुण मित्र की शुरुआत आप ने सीमित संसाधनों से की थी आज वह एक वट वृक्ष बन चुका है। जबकि उस दौर की बहुत सारी पत्र -पत्रिकाएं आज इतिहास के पन्नों में हैं। कारपोरेट घराने के समाचार पत्रों के सामने तरुण मित्र का टिके रहना और लगातार विस्तार देना पूर्व संपादक कैलाशनाथ जी के कौशल को ही दर्शाता है। समाचार पत्र का प्रकाशन सिर्फ एक पत्रकारिता की ही कला नहीं है अपितु उसके अंतर्गत प्रबंध का भी बहुत बड़ा योगदान है। आज देश के विभिन्न क्षेत्रों से तरुण मित्र के संस्करण प्रकाशित हो रहे हैं जो कैलाश नाथ जी के पुण्य स्मरण को जीवंत किये हैं। स्वर्गीय कैलाश नाथ जी एक निर्भीक पत्रकार के रूप में जाने जाते थे । आप पत्रकारिता जगत के



आदर्श महात्मा गाँधी, राजा राममोहन राय, बाल गंगाधर तिलक और महामना मदन मोहन मालवीय के विचारों से प्रभावित रहे और उन्ही के दिखाए हुए मार्ग का अनुसरण कर पत्रकारिता को सदैव मिशन ही बनाये रखा उसे कभी प्रोफेशन नही बनने दिया। बहुत सी विपरीत परिस्थितियां भी आईं लेकिन आपनें अपने आपको कभी पत्रकारिता धर्म से विरत नहीं किया । आप मेरे पूज्य प्रात: स्मरणीय पिताजी डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र के अभिन्न मित्रों में से एक थे। मेरे घर आयोजित किसी भी कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति और सक्रियता अनिवार्यत: रहती थी। आपके साथ पिता जी की साहित्य, पत्रकारिता एवं सम -सामयिक राजनीति पर प्राय: बैठकी होती थी। पूज्य पिताजी के राजनीतिक या सामाजिक मुद्दों पर विविध निबंध और आलेख तरुण मित्र के सम्पादकीय पृष्ठ पर स्थान पाते थे। पूज्य पिता जी के सैकड़ो निबंध और लेख तरुण मित्र में प्रकाशित हुए हैं। तत्कालीन समय में पिताजी साप्ताहिक हिंदुस्तान, धर्मयुग, दिनमान,रविवार,राष्ट्र धर्म और पाञ्चजन्य के लिए भी लेखन करते थे लेकिन उनके सर्वाधिक लेख तरुण मित्र के पन्नों पर प्रकाशित हैं। तत्कालीन समय मे तरुण मित्र कार्यालय साहित्य और राजनीतिक गोष्ठी का केंद्र होता था। जहाँ अक्सर जनपद के बुद्धिजीवी और राजनीतिज्ञ एक साथ विभिन्न मुद्दों पर सहभागिता करते और सम-सामयिक चर्चा करते थे। 05 अक्तूबर 1999 को पूज्य पिताजी के असामयिक निधन के बाद आपने एक सच्चे मित्र का धर्म निभाया एवं मेरे संरक्षक के रूप सदा अपना दायित्व निभाते रहे। आपका व्यक्तित्व इतना विराट था कि सीमित संसाधन के बाद भी आपनें अपना संपूर्ण जीवन दुर्बल,सामर्थ्यहीन के कल्याण और मानवता की सेवा में अर्पित कर दिया था।

मेरे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान 1990 में जब मंडल कमीशन का आंदोलन चरमोत्कर्ष पर था ,आपनें मुझे निर्देश दिया कि मैं इलाहाबाद से मंडल कमीशन आंदोलन की रपट रोज तरुण मित्र के लिए भेजूं। इस हेतु आपनें मुझे तरुण मित्र इलाहाबाद का विशेष संवाददाता नियुक्त किया और तत्काल परिचय पत्र भिजवाया ताकि समाचार संकलन में मुझे कोई असुविधा न हो। मैंने आपके निर्देश को शिरोधार्य करते हुए तरुण मित्र के लिए लगातार आंदोलन से संबंधित रिपोर्ट भेजता रहा जो समाचार पत्र के पन्नों पर प्रमुखता से प्रकाशित होता था । नासा में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष रहे मेरे चाचा जी डॉ सरोज कुमार मिश्र का आगमन हर दो-तीन साल पर अमेरिका से होता था, बिना उनका अभिनंदन किए और बिना उनकी विशेष प्रेस वार्ता तरुण मित्र कार्यालय में आयोजित किये कैलाश नाथ जी नहीं मानते थे। चाचा जी, कैलाश नाथ जी को हमेशा बड़े भाई साहब ही कहते थे और वह भी चाचा जी से सदा अनुजवत ही व्यवहार करते थे। आप एक दूरदृष्टि और मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। आप के अंदर कोई राजनीतिक संकीर्णता नहीं थी। व्यक्ति चाहे जिस दल से जुड़ा हो आपका सभी से अनन्य संबंध था। आपके व्यक्तित्व के विशाल सागर में राजनीतिक मतभेद की नदियां विलीन हो जातीं थी। परस्पर विरोधी विचारधारा के लोग भी आपका आपकी निर्भीकता और पत्रकारिता धर्म की सराहना किया करते थे। जिस प्रकार फल -फूल-वनस्पतियां, नदी,झरने और प्रकाश का कोई धर्म और कोई जाति नहीं होती है उसी प्रकार स्वर्गीय कैलाश नाथ जी के अंदर कोई संकीर्ण भाव नहीं था।

आप जात- पात, भेद-भाव, ऊंच- नीच से परे एक सुदर्शन व्यक्तित्व के धनी थे।आप प्रखर राष्ट्रवादी व्यक्ति थे। राष्ट्रीयता की भावना आपमें कूट-कूट कर भरी थी। असहाय सहायता समिति की स्थापना कर असंख्य लावारिस दिवंगत आम जन का आपनें अंतिम संस्कार कर उन्हें इहलोक से मुक्ति दी है । ऐसे सुदर्शन व्यक्तित्व के लोंगो के लिए किसी शायर ने सच लिखा है कि-ए खुदा तो मिलता है, इंसान नही मिलता ये चीज वो है, जो देखी कहीं कहीं मैंने।



**डॉ. मनोज मिश्र**
**अध्यक्ष,जनसंचार विभाग**
**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर**

# युवा देश के नौजवानों से आएगी विकास की वैचारिक क्रांति

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं। स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैं। और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया है। स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे, लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थी। स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। पेरिस ओलंपिक में भी नीरज चोपड़ा ने सिल्वर, मनु भाकर ने दो ब्रांज और विनेश फोगाट ने सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन को हराकर भारत के युवा लोगों का दिशा दर्शन किया है।

भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है। और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था, नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है। बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी।

**युग का युवा मत देख दाएं बाएं,**
**झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है,**
**देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती,**
**सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।**

(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60% युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, विश्व रिकॉर्ड धारक लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**

# चंदौली

## करणी सेना के खिलाफ समाजवादी पार्टी का उग्र प्रदर्शन



चन्दौली में सपा नेताओं का प्रदर्शन

**डीडीयू नगर चंदौली।** जिले में आज राजनीतिक तापमान उस वक़्त चढ़ गया जब समाजवादी पार्टी ने करणी सेना के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता, विधायक और पदाधिकारी धरने पर बैठ गए। यह प्रदर्शन राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर हुए हमले के विरोध में किया गया। धरने की अगुवाई कर रहे सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव ने करणी सेना पर हमला बोलते हुए कहा कि यह हमला सिर्फ एक सांसद पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र और दलित समाज की आवाज पर हमला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में ऐसी ताकतें सिर उठा रही हैं, जो संविधान और सामाजिक सौहार्द्र को खत्म करना चाहती हैं। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सत्य नारायण राजभर ने भी सरकार को घेरते हुए कहा कि यह हमला भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने मांग की कि हमले के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। वहीं पूर्व विधायक और सपा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि रामजी लाल सुमन जैसे वरिष्ठ और सम्मानित सांसद पर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा और बहुजन समाज पर हमला है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने करणी सेना पर कार्रवाई नहीं की, तो समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। धरना स्थल पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखा गया। दलितों पर हमला बंद करो, सामाजिक न्याय की आवाज दबने नहीं देंगे, जैसे नारों से पूरा चंदौली जिला मुख्यालय गूंज उठा।

## डेड बॉडी वाला फ्रीजर खराब, परिजन खरीद रहे बर्फ

### जिला अस्पताल का वीडियो हो गया है वायरल

**डीडीयू नगर चंदौली।** जिले के जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस का डीप फ्रीजर काफी दिनों से खराब पड़ा है। डेड बॉडी को सुरक्षित रखने के लिए अब बर्फ की सिल्ली का सहारा लिया जा रहा है। इसके लिए पोस्टमार्टम हाउस के लोग मृतकों के परिजनों पर बर्फ लाने के लिए दबाव बना रहे हैं। परिजन खुद बाजार से बर्फ खरीदकर ला रहे हैं और स्ट्रेचर पर बर्फ ले जाते हुए उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस लापरवाही के चलते पूरे अस्पताल परिसर में शवों के सड़ने की दुर्गंध फैल गई है। जिससे जिला अस्पताल में उपचार कराने आने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि आकांक्षात्मक जिलों में शामिल चंदौली में स्वास्थ्य सेवाएं खुद दम तोड़ रही हैं और जिम्मेदार अधिकारी बहाना बना रहे हैं।



जानकारी के अनुसार, सीएमओ ने अब तक डिफ्रीजर की मरम्मत या वैकल्पिक व्यवस्था करने की बजाय सिर्फ शासन को पत्र लिखकर अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उसे तत्काल बनवाने के लिए कोई पहल नहीं की है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है और वह स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक इस तरह शवों के साथ अमानवीय व्यवहार होता रहेगा और सरकार को बदनाम कराने की कोशिश होगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी युगल किशोर राय ने बताया है कि पोस्टमार्टम हाउस का डीप फ्रीजर खराब है। उसकी मरम्मत का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही नए डीप फ्रीजर के लिए शासन को पत्र लिखा गया है और मोर्चरी हाउस में दो एसी लगवाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि ऐसी शिकायत दोबारा न मिले।

## डैडीज़ ब्रिक्स, उसरी चकिया में श्रमिक दिवस मनाया गया



**चकिया, चंदौली।** श्रमिकों के अथक परिश्रम और समर्पण को सम्मान देने हेतु डैडीज़ ब्रिक्स, उसरी चकिया में श्रमिक दिवस के अवसर पर एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत परिसर में श्रमिकों की गरिमामयी उपस्थिति से हुई, जहां संस्था के संस्थापक डॉ. विनय प्रकाश तिवारी ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों के योगदान को नमन करते हुए कहा, जिस घर में हम अपने सपनों का संसार बसाते हैं, उसे ये मज़दूर अपने खून-पसीने से खड़ा करते हैं। इनका श्रम ही हमारे समाज की असली नींव है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्री रामयश चौबे, श्री विनोद पांडेय, श्री राहुल विनय पांडेय, श्री विनीत पांडेय और श्री पीयूष पांडेय ने भी उपस्थित होकर श्रमिकों को शुभकामनाएं दीं और उनके योगदान की सराहना की। सभी अतिथियों ने एक स्वर में श्रमिकों को समाज का वास्तविक निर्माता बताया।

इस अवसर पर श्रमिकों को मिठाई, बोनस और उपहार वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी की चमक देखने लायक थी। कार्यक्रम के अंत में श्रमिकों और उनके परिवारजनों के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की गई, जिसमें बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक मिलन था, बल्कि श्रमिकों के सम्मान और अधिकारों को पुनः जागरूक करने वाला प्रेरणादायक प्रयास भी साबित हुआ।

## सड़कों के निर्माण की धीमी रफ्तार पर डीएम ने जताई नाराजगी

**डीडीयू नगर चंदौली।** जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग ने बुधवार को जनपद में निर्माणाधीन प्रमुख सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पड़ाव से रामनगर तक बन रही 4 लेन सड़क, पड़ाव से मुगलसराय 6 लेन और मुगलसराय से चकिया 4 लेन सड़क के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। सड़कों की धीमी रफ्तार पर डीएम ने नाराजगी जताई। एक्सईएन की ओर से गलत डाटा प्रस्तुत करने पर नोटिस जारी करने का निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि जमीन संबंधी समस्याओं के चलते कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी, पीडब्ल्यूडी और अन्य विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य को तय समयसीमा में और गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुगलसराय से



चकिया मार्ग के निरीक्षण के दौरान प्रस्तुत किए गए डाटा को गलत पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि कार्य प्रगति की साप्ताहिक निगरानी के लिए जनपद स्तर पर एक अलग टीम गठित की जाए, जो हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। डीएम ने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं की जमीनी स्थिति को समझना और समय रहते समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी आर. जगत साईं, अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, संबंधित उप जिलाधिकारीगण, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुगलसराय में मोहन भागवत ट्रेन से हुए रवाना



**डीडीयू नगर चंदौली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत बुधवार की देर रात डीडीयू जंक्शन पहुंचे। प्लेटफार्म संख्या तीन से संघमित्रा एक्सप्रेस ट्रेन से गंतव्य को रवाना हुए। इस दौरान सुरक्षा के काफी कड़े बंदोबस्त किए गए थे। स्टेशन और आस-पास के इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। मोहन भागवत वाराणसी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने आए थे। आरएसएस प्रमुख के डीडीयू जंक्शन पहुंचने की सूचना मिलते ही बीजेपी नेता और संघ के कुछ सदस्य उनसे मिलने पहुंच गए। फ्लीट से उतरने के बाद मोहन भागवत सीधे प्लेटफार्म संख्या तीन पर बने वीवीआईपी रूम में पहुंचे। स्थानीय बीजेपी नेताओं सहित अन्य सभी को बाहर ही रोक दिया गया। बीजेपी के जिलाध्यक्ष भी बाहर ही इंतजार करते रहे। किसी को भी आरएसएस प्रमुख से मिलने नहीं दिया गया। ट्रेन के प्लेटफार्म पर लगने के बाद जब मोहन भागवत अपने कोच में बैठने के लिए निकले तब भी किसी नेता से कोई बात नहीं की। बस मुस्कुराकर सबका अभिवादन स्वीकार किया। हालांकि जिले का एक भी विधायक उनसे मिलने नहीं पहुंचा था, जो चर्चा का विषय बना रहा।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, आधा दर्जन घायल

**चंदौली।** धानापुर थाना क्षेत्र के बूढ़ेपुर गांव में बुधवार सुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। एक महिला और चालक को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को धानापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। दुर्घटना सुबह करीब 11:30 बजे बुद्धुपुर पेट्रोल पंप के समीप हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कॉर्पियो मारुखपुर तिरगावा से धानापुर की ओर जा रही थी, तभी अचानक उसका टायर फट गया और वाहन का संतुलन बिगड़ गया। वाहन में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें तीन महिलाएं, दो पुरुष और दो बच्चे शामिल थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि



गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में एक महिला और ड्राइवर को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य लोगों को भी हल्की चोटें पहुंची हैं। घटना की सूचना मिलते ही धानापुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत धानापुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर है।

# निजी संस्थानों को भी एसआईआरएफ रैंकिंग में सम्मिलित किया जाए तथा गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए : मुख्यमंत्री



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहलें की गई हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम परिलक्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ मूल्यांकन में प्रतिभाग करें, परंतु आवेदन से पूर्व व्यापक तैयारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा के तहत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की रैंकिंग की सराहना करते हुए इसके अंतर्गत निजी संस्थानों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए, ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता की समान मानक सुनिश्चित हो सकें।मुख्यमंत्री शुक्रवार को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ में वर्ष 2024-25 हेतु कुल 1.64 लाख सीटों पर नामांकन हुआ है। विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें स्ह्व्ह्ष्ट आधारित अध्ययन, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट तथा इंटीग्रेटेड प्रोग्राम सम्मिलित किए गए हैं। सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय के 12,739 छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ, जिसमें अधिकतम वार्षिक वेतन 59.91 लाख रहा। इसी प्रकार, एमएमएमयूटी, गोरखपुर में वर्ष 2023-24 में छात्रों को 52 लाख वार्षिक वेतन तक के पैकेज पर प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट मिला।मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि नवस्थापित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती, गोंडा, मीरजापुर एवं प्रतापगढ़ के भवन निर्माण तथा परिसर विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि अगले शैक्षणिक सत्र से यह कॉलेज अपने निजी परिसरों से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत करते समय स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को प्राथमिकता दी जाए।तकनीकी शिक्षा के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 2139 पॉलीटेक्निक संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें 147 राजकीय, 18 पीपीपी मोड, 19 अनुदानित एवं 1948 निजी संस्थान शामिल हैं। इन संस्थानों में 2.68 लाख से अधिक प्रवेश क्षमता उपलब्ध है, जिनमें 1.15 लाख से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं।विभाग द्वारा डिजिटल कक्षाएं, आधार आधारित बायोमैट्रिक उपस्थिति, उद्योग-संलग्न पाठ्यक्रम, तथा फ्रंटियर टेक्नोलॉजी जैसे ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस एवं मशीन लर्निंग को पाठ्यक्रमों में समाहित किया गया है। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में 39 नए राजकीय पॉलीटेक्निक स्थापित किए गए हैं तथा 13,000 से अधिक शिक्षकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।मुख्यमंत्री को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 324 राजकीय एवं 2982 निजी आईटीआई प्रदेश में संचालित हैं। टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से 212 राजकीय आईटीआई को आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं कुशल प्रशिक्षकों से सुसज्जित कर उन्नत बनाया गया है। इन संस्थानों में दीर्घकालिक ट्रेड्स के साथ-साथ स्वल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं।वर्ष 2024-25 में लगभग 1.25 लाख प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत अब तक 30,000 से अधिक छात्रों द्वारा आवेदन किया जा चुका है।यह भी अवगत कराया गया कि सीएसआर फंड के माध्यम से राज्य के 37 से अधिक जनपदों में प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयों द्वारा आधुनिक कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। साथ ही, मासिक प्लेसमेंट डे के आयोजन से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने में सफलता मिली है। एनपीएस और सीएमएपीएस योजनाओं के अंतर्गत पिछले पाँच वर्षों में 2.67 लाख से अधिक अप्रेंटिस नियुक्त किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को उद्योगों से और अधिक गहराई से जोड़ा जाए तथा प्रत्येक छात्र को प्रशिक्षण के साथ एक निश्चित अवधि की औद्योगिक इंटर्नशिप सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति को तकनीकी रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा केवल प्रमाण-पत्र प्राप्ति का माध्यम न होकर एक व्यवहारिक, कौशलपूर्ण एवं उपयोगी प्रणाली होनी चाहिए।मुख्यमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शी एवं सुदृढ़ नीति के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और प्रत्येक युवा को उसके कौशल के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराए जाएं, ताकि %आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

## गर्मी में किडनी मरीजों को विशेष सावधानी की जरूरत

प्रयागराज। प्रयागराज में बढ़ते तापमान के साथ किडनी और डायबिटीज के मरीजों की परेशानियां बढ़ने लगी हैं। शहर के अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग के अनुसार, गर्मी के मौसम में डायबिटिक और किडनी रोगियों को पेट संक्रमण, मूत्र में जलन और किडनी इंफेक्शन की समस्याएं हो सकती हैं। डिहाइड्रेशन से किडनी की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। डॉक्टरों ने मरीजों को दैनिक 2.5 से 3 लीटर पानी पीने की सलाह दी है। बासी और दूषित भोजन से बचना आवश्यक है। डायबिटिक मरीजों को अपने ब्लड शुगर की नियमित जांच करनी चाहिए। तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। यह डायबिटिक न्यूरोपैथी और उच्च रक्तचाप को बढ़ा सकता है। इससे किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। डायलिसिस वाले मरीजों के लिए गर्मी का मौसम विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है। डॉक्टर की सलाह के बिना दवाओं में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए। नियमित चेकअप और सावधानियां बरतकर इस मौसम में स्वस्थ रहा जा सकता है।

## पीजीटीआई के प्रमुख कपिल देव ने सीएम योगी से की मुलाकात



लखनऊ। प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के प्रमुख और 1983 में भारत को पहला क्रिकेट वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, प्रख्यात क्रिकेट खिलाड़ी एवं 1983 की विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान कपिल देव ने आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।कपिल देव ने 1978 से 1994 तक भारत के लिए क्रिकेट खेला। वे दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडरों में गिने जाते हैं। उन्होंने 131 टेस्ट मैचों में 5,248 रन बनाए और 434 विकेट लिए। वनडे में 225 मैच खेलते हुए उन्होंने 3,783 रन बनाए और 253 विकेट भी लिए।वह 1983 में भारत को वर्ल्ड कप जिताने वाले पहले कप्तान बने।क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उन्होंने कोच, कमेंटेटर और हरियाणा के स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के चांसलर जैसे कई भूमिकाएं निभाईं। अक्टूबर 1999 से अगस्त 2000 तक वे भारत के कोच भी रहे।जून 2024 में उन्हें सर्वसम्मति से पीजीटीआई का अध्यक्ष चुना गया। इससे पहले वे 2021 से 2023 तक पीजीटीआई के उपाध्यक्ष और संचालन समिति के सदस्य थे। उनके कार्यकाल में 'कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन इनविटेशनल' नामक गोल्फ टूर्नामेंट की शुरुआत हुई, जो डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित किया गया।पिछले कुछ वर्षों में कपिल देव की गोल्फ के प्रति रुचि और प्रसिद्धि ने उन्हें कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लेने का मौका दिलाया, जैसे 'डनहिल लिंक्स', जहां वह दुनिया की जानी-मानी हस्तियों के साथ खेले।मार्च 2025 में पीजीटीआई और अदाणी ग्रुप ने मिलकर 'अदाणी इनविटेशनल गोल्फ चैंपियनशिप 2025' की घोषणा की। इस प्रतियोगिता का पहला संस्करण 1 से 4 अप्रैल के बीच ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ स्पा रिसॉर्ट में हुआ। यह टूर्नामेंट 11 साल बाद वहां फिर से आयोजित किया गया और इसमें 1.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई थी।

## दलितों पर अत्याचार के विरोध में कलक्ट्रेट में प्रदर्शन




कानपुर। दलितों पर हो रहे अत्याचार व लोकगायिका नेहा राठौर पर दर्ज देशद्रोह के मुकदमे के विरोध में आज भारतीय दलित पैंथर के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया। बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र को हाथों में लेकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। अध्यक्ष धनीराम बौद्ध ने कहा राजस्थान, मध्य प्रदेश, आगरा, अलीगढ़ में दलितों के साथ अत्याचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न के खिलाफ सभी अंबेडकर वादी संगठन धर्म परिवर्तन करेंगे। डीएम कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सबसे बड़ा आतंकवाद जातिवाद प्रधान पर अत्याचार करने वालों को जेल भेजो... के नारे लगाए। अध्यक्ष ने कहा दलितों के साथ देश भर में लगातार घटनाएं हो रही हैं। अलीगढ़ में दलित युवकों को पीट कर उनका जुलूस निकाला गया, इसके बाद उन्हीं पर छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर दिया गया। महाराजपुर थानाक्षेत्र में दलित प्रधान के साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर तोड़ दिए गए। प्रयागराज में मजदूरी से मना करने पर दलित को पेट्रोल डाल कर जला दिया गया। वहीं केंद्र सरकार से सवाल पूछने पर लोक गायिका नेहा राठौर पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया। यह सब मौलिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा सरकार से सवाल पूछना कोई अपराध नहीं होता है। प्रदर्शन ने दौरान उन्होंने मांग की, कि अलीगढ़ घटना में उच्चस्तरीय जांच हो, युवकों के बयान दर्ज कर मुकदमा दर्ज किया जाए। मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। राजस्थान, हरियाणा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें, दलितों को समाज की मुख्य धारा में लाया जाए। साथ ही नेहा राठौर पर दर्ज देशद्रोह के मुकदमे को वापस लिया जाए।

## डॉक्टर बन इलाज करने वाला ओटी टेक्नीशियन अरेस्ट

गोरखपुर। गोरखपुर पुलिस ने ओटी टेक्नीशियन और उसके बेटे को अरेस्ट कर लिया। ओटी टेक्नीशियन बघराई में श्रीगोविंद हॉस्पिटल के नाम से बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल चला रहा था। वह डॉक्टर बनकर महिलाओं की डिलीवरी करा रहा था।

अब तक वह 15 गर्भवती महिलाओं का डिलिवरी करा चुका है। पुलिस अब आरोपियों की डिग्री और अन्य भूमिका की जांच कर रही है। 27 अप्रैल को ओटी टेक्नीशियन ने एक गर्भवती का ऑपरेशन किया था। इसमें प्रसूता की मौत हो गई थी। 30 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग, तहसील प्रशासन और थाने की पुलिस ने हॉस्पिटल सील कर दिया। बांसगांव क्षेत्र के गोहली बसंत के रहने वाले दिनेश कुमार चौरसिया की पत्नी को 27 अप्रैल को प्रसव पीड़ा हुई तो उन्होंने गांव की आशा गंगोत्री देवी को फोन किया। गंगोत्री की सलाह पर एंबुलेंस से वह अपनी पत्नी को सीएचसी बांसगांव ले गए। वहां से मरीज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन आशा उन्हें जिला अस्पताल न ले जाकर बघराई स्थित श्री गोविंद हास्पिटल लेकर पहुंच गई। वहां मरीज को भर्ती करा दिया गया। यहां कथित डॉक्टर पन्नेलाल ने ऑपरेशन कर दिया। आपरेशन से बेटा पैदा हुआ, लेकिन प्रसूता की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में पन्नेलाल एक अन्य साथी के साथ प्रसूता को कार से दूसरे अस्पताल लेकर जाने लगे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। दिनेश ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। एसएसपी के निर्देश पर आशा बहू सहित चार पर केस दर्ज किया। महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की।

जांच में सामने आया कि अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था। टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। वहीं बेटे के हास्पिटल श्री हरि मेडिकेयर की जांच की जा रही है।जांच में सामने आया कि गगहा के जगरनाथपुर का रहने वाला आरोपी पन्नेलाल ने मेघायल यूनिवर्सिटी के दिल्ली सेंटर से ओटी टेक्नीशियन की डिग्री ली है। फिर शहर के तारामंडल स्थित एक हास्पिटल में 5 वर्ष तक ओटी टेक्नीशियन के पद पर काम किया। यहां से निकलकर उसने बघराई में एक व्यक्ति के मकान को किराए पर लिया और फर्जी हास्पिटल खोल दिया। एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि बांसगांव पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वे पिता-पुत्र हैं और फर्जी डाक्टर बनकर अस्पताल चला रहे थे।

प्रसूता की तबीयत बिगड़ने पर कार से ये ही उसे दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे।

## सीएमओ ने किया अस्पतालों में औचक निरीक्षण



सुलतानपुर। सुलतानपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण ने शुक्रवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चितावनपुर का औचक निरीक्षण किया। प्रतापपुर कमैचा में अस्पताल परिसर में गंदगी और वार्डों में अव्यवस्था पाई गई। कई स्वास्थ्य कर्मी भी अपनी ड्यूटी पर अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए। चितावनपुर स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक डॉ. पीयूष रंजन छुट्टी पर थे। जानकारी मिली कि वह अक्सर अस्पताल से अनुपस्थित रहते हैं। अस्पताल की पूरी जिम्मेदारी लैब टेक्नीशियन शिवकुमार संभाल रहे थे। वह सीमित संसाधनों के साथ मरीजों की सेवा कर रहे थे। सीएचसी प्रतापपुर कमैचा के अधीक्षक डॉ. आर.सी. यादव ने बताया कि सीएमओ ने अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही अभिलेखों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया है। सीएमओ ने दोनों केंद्रों की स्थिति पर नाराजगी जताई और सुधारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। हालांकि, वह मीडिया से बात करने से बचते नजर आए।

## नेहा सिंह राठौर मामले में कोर्ट में सुनवाई पूरी,6 मई को आएगा फैसला



लखनऊ। अयोध्या की एसीजेएम कोर्ट में लोक गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ दायर मामले की सुनवाई पूरी हो गई है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, जो अब 6 मई को सुनाया जाएगा।यह मामला पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर नेहा सिंह राठौर द्वारा दिए गए कथित बयान से जुड़ा है। इस बयान को लेकर अंबेडकरनगर जिले के ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने नेहा के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दाखिल किया था। वादी पक्ष के अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि नेहा का यह बयान देश विरोधी है और उन्होंने इसे देशद्रोह की श्रेणी में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि नेहा इस तरह के बयान देने की अभ्यस्त हैं।दूसरी ओर, नेहा सिंह राठौर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने तर्क दिया कि सर्वोच्च न्यायालय ने देशद्रोह कानून (सेडिशन लॉ) पर फिलहाल रोक लगा रखी है, इसलिए इस आधार पर दर्ज किया गया परिवाद वैधानिक रूप से दोषपूर्ण है।एसीजेएम एकता सिंह की अदालत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 6 मई की तारीख तय की है। यह मामला अंबेडकरनगर के महरुआ थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव की रहने वाली लोक गायिका नेहा सिंह राठौर से जुड़ा है, जिन पर सोशल मीडिया के माध्यम से देश विरोधी बयान फैलाने का आरोप लगाया गया है।

## टीकाकरण अभियान में बालिकाओं को मिली सुरक्षा

सुलतानपुर। सुल्तानपुर के भदैया के दरपापुर गांव स्थित जीयू बालिका इंटर कॉलेज में एक दिवसीय विशेष टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। एएनएम ममता यादव के नेतृत्व में 50 बालिकाओं को टेटनस और डिप्थीरिया का टीका लगाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों और अभिभावकों को टेटनस और डिप्थीरिया से बचाव के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बीमारियों के लक्षण और बचाव के उपाय बताए। साथ ही बुखार आने पर निःशुल्क दवाओं के सेवन की जानकारी भी दी। अधीक्षक डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि यह अभियान 10 मई तक चलेगा। कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ता आरती तिवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीना के साथ प्रधानाचार्य उमानाथ शुक्ला, नीलम सिंह, भरतदेव और राजदुलारी भी मौजूद रहे।

## नहीं बढ़ेगा स्मारकों और पार्कों का प्रवेश शुल्क,स्मारक समिति बोर्ड ने नहीं दी मंजूरी

लखनऊ। बहुजन समाज के महापुरुषों के नाम पर बने स्मारकों और पार्कों में प्रवेश का शुल्क इस साल नहीं बढ़ेगा। स्मारक समिति की 29 अप्रैल को हुई बोर्ड बैठक में शुल्क में बढ़ोतरी का प्रस्ताव स्थगित कर दिया गया। इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों को बोर्ड ने पास किया है।प्रस्ताव के तहत प्रवेश पर पांच रुपये, मासिक पास पर 50 रुपये और छमाही पास शुल्क 100 रुपये बढ़ाया जाना था।

इसे बोर्ड ने नामंजूर कर दिया। इस साल भी पूर्व की तरह ही प्रवेश शुल्क 25 रुपये, मासिक पास 450 रुपये और छमाही पास का शुल्क 1700 रुपये ही रहेगा।

## सड़क हादसे युवक की मौत

आजमगढ। आजमगढ़ जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के दक्षिण गांव गांव के निकट तेज रफ्तार बाइक स्ट्रीट डॉग को बचाने के चक्कर में हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक की मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा चचेरा भाई घायल हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए आजमगढ़ के मंडलीय अस्पताल भिजवाया जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है। आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर शेर अली गांव के रहने वाले अमन बिंद 19 जोगेंद्र बिंद बाइक से माहुल बाजार से दूध खरीद कर घर जा रहे थे। बाइक को मामा का लड़का सनी बिंद चला रहा था। जैसे ही यह दोनों बाइक सवार दक्षिणगांव गांव के प्राथमिक विद्यालय के निकट पहुंचे थे। इसी बीच सामने से आए स्ट्रीट डॉग को बचाने के चक्कर में बाइक सवार ने अपना नियंत्रण खो दिया और सामने स्थित एक घर की दीवार से बाइक टकरा गई। ऐसे में बाइक पर पीछे बैठा अमन बिंद बाइक से दूर जाकर गिरा और सर में गंभीर चोट लग गई। वही मामले की सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। फूलपुर थाना क्षेत्र में कोई पहला हादसा नहीं है। इसके पूर्व भी बड़ी संख्या में सड़क हादसे में लोगों की मौत हो चुकी हैं।

## रामबरन पीजी कॉलेज में टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन

सुलतानपुर। जयसिंहपुर तहसील के रामबरन पीजी कॉलेज, बिभारपुर में टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को टैबलेट वितरित किए। प्रबंधक ने कहा कि यह डिजिटल उपकरण छात्रों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने छात्रों को टैबलेट के सही उपयोग पर जोर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि इसका दुरुपयोग न करें। उन्होंने कहा कि टैबलेट का सकारात्मक और रचनात्मक उपयोग करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा प्रबंधक पार्वती दुबे ने की। उन्होंने छात्रों को टैबलेट के माध्यम से कैशलेस लेनदेन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इससे बैंकिंग प्रक्रिया सरल होगी और समय की बचत होगी। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और कुलगीत से हुई। कार्यक्रम में संजय सिंह, अमर प्रताप सिंह, अजय, जितेंद्र सिंह, अशोक पांडे समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने टैबलेट को अपनी शिक्षा के लिए उपयोगी बताया।


### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ ख) दक्षिणी कक्ष संख्या 24 महोदय सुलतानपुर

प्र वा संख्या- 113 /2025(एन आर)

तारीख पेशी -18/05/2025

गीता देवी आदि -बनाम - जाय स्व तिलकराज

बनाम -जाय स्व तिलकराज सुत नन्दलाल साकिन कोटा परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर

बनाम -हर खास व आम साकिन कोटा परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 18 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ ख) दक्षिणी कक्ष संख्या 24 महोदय सुलतानपुर

प्र वा संख्या - 112 /2025(एन आर)

तारीख पेशी - 18/05/2025

विमला देवी -बनाम - जाय स्व जयसिंह

बनाम - जाय स्व जयसिंह सुत श्याम बहादुर ग्राम निंगोलिया मजरे त्रिलोकपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर

बनाम -हर खास व आम पता ग्राम निंगोलिया मजरे त्रिलोकपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 18 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ0ख0) महोदय मुसाफिरखाना जिला सुलतानपुर

प्र0 वा0 संख्या - 42 / 2024 (एन आर)

ता0 पेशी - 17 / 05 / 2025

श्रीमती कंचनलता आदि -बनाम- जाय0 स्व0 उमेश कुमार

बनाम - जायदाद स्व0 उमेश कुमार सुत हौसिला प्रसाद निवासी ग्राम मरौचातेतारपुर परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी

बनाम - हर खास व आम पता ग्राम मरौचातेतारपुर परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 17 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (अ ख) उत्तरी कक्ष संख्या 25 महोदय सुलतानपुर

प्र वा संख्या - 47 /2025(एन आर)

तारीख पेशी - 10/05/2025

स्वामीनाथ बनाम -स्व जाय मृतक माता प्रसाद

बनाम - स्व जाय मृतक माता प्रसाद सुत नोहर निवासी ग्राम बहिरातारा कटका खानपुर परगना बरौसा तहसील सदर जनपद सुलतानपुर

बनाम - हर खास व आम पता ग्राम बहिरातारा कटका खानपुर परगना बरौसा तहसील सदर जनपद सुलतानपुर चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 10 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

### अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज (अ0ख0) महोदय मुसाफिरखाना जिला सुलतानपुर

सा0 वा0 संख्या - 192 / 21

ता0 पेशी - 14 / 5 / 2025

जुम्मन खान -बनाम- लालबहादुर आदि

बनाम- 1/1 वीरबहादुर 1/2 शमशेर बहादुर 1/3 राज बहादुर 1/4 शेर बहादुर 1/5 तेजबहादुर सुतगण लाल बहादुर 1/6 शर्मीला 1/7 ननकुल्ला पुत्रीगण लाल बहादुर 2 राजकरन 3 रामबरन 4 रामकरन सुतगण शिवमोहन 5 प्यारे लाल 6 शीतला प्रसाद सुतगण मिठऊ 7 अमरनाथ सुत बाबूलाल निवासीगण ग्राम कचनाव परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना जिला अमेठी

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 के 05 के 14 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के... के... दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# डीएम ने त्रिलोदकी नदी के जीर्णोद्धार की प्रगति के बारे में ली जानकारी

## जिला गंगा समिति/पर्यावरण समिति की हुई बैठक



**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति/जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला गंगा एक्शन प्लान बनाये जाने हेतु अब तक की तैयारी व इससे सम्बंधित बिन्दुओं पर समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एन0जी0टी0 के वाद के आदेश के क्रम में व त्रिलोदकी नदी के जीर्णोद्धार की प्रगति के बारे में लोक निर्माण, सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जमथरा स्थित 33 एमएलडी एसटीपी से सम्बंधित समस्त अनटैब्ड नालों को टैब्ड करने व जी0डी0पी0एम0एस0 पोर्टल पर अपलोड किये जाने वाले समस्त सूचनाएं संबंधित विभागों द्वारा ससमय दिये जाने सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा संबंधित अधिकारियों से की।

इसके साथ-साथ जिलाधिकारी ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने औद्योगिक इकाइयों द्वारा उत्पन्न पीएम 10 पार्टिकल्स के प्रदूषण, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित सभी वेटलैंड के सुन्दरीकरण, जनपद अयोध्या को स्वच्छ शहर बनाने हेतु प्रत्येक वार्ड में पृथक्करण केन्द्र व कंपोस्टिंग पिट की स्थापना पर समीक्षा की।

इसके अलावा उन्होंने सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, लिक्विड वेस्ट व बायोमेडिकल वेस्ट पर सम्बंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने जनपद में स्थित प्रमुख औद्योगिक निकायों द्वारा रखे गये सी0एस0आर0 फंड को मा0 एन0जी0टी0 आदेशानुसार जिला पर्यावरण समिति के कार्यो में लगाये जाने सहित अन्य बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता, सचिव विकास प्राधिकरण सहित संबंधित विभाग के अधिकारी गण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जातीय जनगणना कराने को लेकर कांग्रेसियों ने निकाला धन्यवाद जुलूस

## राहगीरों को मिठाई बांटकर व्यक्त के खुशी



**अयोध्या।** राहुल गांधी द्वारा जातीय जनगणना कराने हेतु केंद्र सरकार को बाध्य करने के लिए जिला तथा महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धन्यवाद जुलूस निकाला तथा राहगीरों को मिठाई बाटकर खुशी व्यक्त की गई। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर इस बात की खुशी इजहार करने के लिए आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा यह कदम सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसकी कांग्रेस पार्टी लंबे समय से मांग करती रही है। उन्होंने जातीय जनगणना को गरीबों की मुक्ति के लिए एक शक्तिशाली कदम बताया , जो देश के विकास के लिए आवश्यक है। जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा राहुल गांधी ऐसे न्याय योद्धा हैं जिसने देश के दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को हिस्सेदारी और भागीदारी दिलाने की ठानी उनके हौसले ने चुनिंदा पूंजीपतियों के लिए काम करने वाली सरकार को जातिगत जनगणना करवाने के लिए मजबूर कर दिया। केंद्र सरकार का यह कदम सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसकी कांग्रेस पार्टी लंबे समय से मांग करती रही है। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कांग्रेस पार्टी भाजपा से अपेक्षा करती है कि वह इस निर्णय को केवल चुनावी रणनीति तक सीमित न रखे, बल्कि इसे ईमानदारी से लागू करे और इसके परिणामस्वरूप वंचित वर्गों को उनका उचित अधिकार प्रदान करे।

पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ने कहा जातिगत जनगणना देश में विकास की नई कहानी लिखेगी, ये विकास की एक नई शुरुआत है। पूर्व प्रदेश सचिव कर्म राज यादव ने कहा कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जी लगातार जातिगत जनगणना कराने की मांग कर रहे थे। राहुल जी ने लोकसभा में कहा था- हम जातिगत जनगणना करवाकर रहेंगे और इसी सदन के अंदर इसे पास करवाकर रहेंगे। अब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया है, कांग्रेस पार्टी इसका स्वागत करती है। पूर्व जिला प्रवक्ता शीतला पाठक तथा जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र मणि पांडे ने कहा जातिगत जनगणना से देश की सामाजिक संरचना की वास्तविक स्थिति का पता चलेगा, जिससे वंचित वर्गों के लिए योजनाएं और नीतियाँ अधिक प्रभावी ढंग से बनाई जा सकेंगी। कांग्रेस कार्यसमिति ने पूर्व में सर्वसम्मति से जातिगत जनगणना का समर्थन किया है, और कांग्रेस शासित राज्यों में इस दिशा में पहल भी की गई है।

धन्यवाद जुलूस में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी, अनिल तिवारी, सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, धीरेंद्र सिंह बबलू डीएन वर्मा डॉक्टर विनोद गुप्ता राम अभिलाख पांडे , धर्मेंद्र सिंह फास्टर, अरुण साहू, कवींद्र साहनी, पीसीसी सदस्य राम अवध पासी, ,अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामसागर रावत, प्रवीण श्रीवास्तव, करण त्रिपाठी, अवधेश तिवारी, जिओ हैदर , हरजीत सिंह सलूजा, मोहम्मद सलीम , लाल मोहम्मद, कुलदीप वर्मा ,प्रदीप तिवारी, राम केवट निषाद ,द्वारिका पांडे ,अशोक राय ,अशोक कनौजिया, राम पासी अखिल रावत ,रामकिशोर , रामानंद शर्मा, कल शर्मा रवींद्र कोरी ,बांकेलाल सेन, राजकुमार सिंह, बीएन तिवारी, सरजू प्रसाद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# नवीन कार्यकारिणी के चुनाव व परिषद के विधान की रक्षा हेतु बुलाई बैठक

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के विधान के अनुसार कर्मचारी परिषद का कार्यकाल दिनांक 28 अप्रैल 2024 को समाप्त हो चुका है। परिषद के अध्यक्ष महामंत्री विधान का उल्लंघन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने परिषद संविधान की रक्षा हेतु कल 03 मई को एक बैठक सामुहिक रूप से आहूत की है जिसमे नवीन कार्यकारिणी के चुनाव और परिषद के विधान की रक्षा पर परिचर्चा होगी उक्त परिचर्चा में परिषद के सभी पदाधिकारी भी सम्मिलित हो सकते हैं कर्मचारियों के साथ यह बैठक बाध्य होकर कर्मचारियों ने बुलाई है जो कि सभी के मंशा के अनुरूप और विधान की रक्षा की दृष्टि से है। रिन्कू राय, पूर्व अध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के मुताबिक इसलिए सभी कर्मचारियों की तरफ से हमारी अपील है कि कल दिनांक 03 मई को अपराह्न 1. 30 पर बैठक में उपस्थित होकर नवीन कार्यकारिणी के निर्वाचन पर अपने विचार रखें । परिषद के विधान के अनुसार कार्य और वर्तमान कर्मचारी परिषद के द्वारा किये गए कार्यों पर भी समीक्षा भी होगा।

## गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना

**अयोध्या।** आ0न0दे0 कृषि एवं प्रौ0वि0वि0, कुमारगंज अयोध्या के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं कहीं-कहीं तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। हवा सामान्य व सामान्य से तेज गति से पूर्वी चलने व औसत तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।श्री मिश्र के अनुसार शुक्रवार का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री यह सामान्य से 3.0 डिग्री अधिक रहा।सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 87 व न्यूनतम 38 प्रतिशत रही। 6.5 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से दक्षिणी-पूर्वी दिशा से हवाएं चली।

# लोक कला के सृजनशीलता को मिल रहा बढ़ावा : डॉ. कुमुद

## कार्यशाला विद्यार्थियों में कलात्मक विकासवादी प्रवृत्ति को बढ़ाएगी : प्रो. आशुतोष सिन्हा

**अवध विवि में 'सृजन' शीर्षक पर सात दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का शुभारम्भ**



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग एवं उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में 'सृजन' शीर्षक पर सात दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। कला एवं मानवकीय संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा व मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजातीय संस्कृति संस्थान लखनऊ की सदस्य डॉ. कुमुद सिंह, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास की प्रो. मृदुला मिश्रा, प्रो. विनोद श्रीवास्तव व अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ0 कुमुद सिंह ने प्रतिभागियों को बताया कि पूरे प्रदेश में कला के प्रति अभिरूचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को परंपरागत कलाओं के साथ आधुनिकता से जोड़ा जा रहा है। इससे लोक कला के सृजनशीलता को बढ़ावा मिल रहा है। इस कार्य को संस्कृतिक विभाग उत्तर प्रदेश कर रही है। कार्यशाला में डॉ0 सिंह ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के साथ लोक कला आधारित चित्रांकन कर डेमो भी प्रस्तुत किया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते प्रो0 आशुतोष सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में कलात्मक सृजनशीलता लोक परंपराओं को संरक्षित करने का एक उचित माध्यम है। निश्चित रूप से यह कार्यशाला कलात्मक विकासवादी प्रवृत्ति को बढ़ाएगी। अर्थशास्त्र की प्रो0 मृदुला मिश्रा ने बताया कि लोक कला एवं परंपरागत कला अंतरमन को सुख प्रदान करती हैं। अर्थशास्त्र विभाग के प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि एक कलाकार के अंतर मन के कौतूहल को रमणीक चित्रण के साथ प्रस्तुत करता है। व्यावहारिक चित्रण ही सृजनशीलता है। कार्यशाला की प्रशिक्षिका व सहायक आचार्य डॉ0 सरिता द्विवेदी ने बताया कि कार्यशाला में 70 छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित हुई है। इन्हें चित्रण के परंपरागत एवं आधुनिक शैली से परिचित कराया जाएगा। इस दिन प्रतिभागियों को उनके स्वेच्छा आधारित थीम बेस्ड रामणीक चित्रण के लिए उत्प्रेरित किया गया। यह भी सिखाया गया कि कैसे अपनी सोच को रंगांकन के द्वारा रमणीक पेंटिंग का निर्माण कर सकते हैं। कार्यशाला का संचालन डॉ0 सरिता द्विवेदी ने किया। सह प्रशिक्षक रीमा सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर डॉ0 प्रिया कुमारी, डॉ0 अलका श्रीवास्तव व अन्य द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

# राम मंदिर में 23 को होगी राम दरबार की स्थापना : नृपेंद्र मिश्र

## तीन जून से शुरू होगी प्राण प्रतिष्ठा



**अयोध्या।** राम मंदिर भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक शुरू हो गई है। भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्य मंदिर के प्रथम तल में राम दरबार की प्रतिमा और शेषावतार मंदिर की प्रतिमाएं आनी शेष हैं। 23 मई को राम दरबार की प्रतिमा राम मंदिर में स्थापित की जाएगी। 30 मई से पहले शेषावतार मंदिर में भी लक्ष्मण जी की प्रतिमा को स्थापित कर दिया जाएगा। तीन जून से राम मंदिर के राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा शुरू होगी। तीन से पांच जून तक प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव होगा। राम दरबार में श्रद्धालुओं के दर्शन की तिथि ट्रस्ट तय करेगा। पास के जरिए एक दिन में 750 श्रद्धालु राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार का दर्शन कर सकेंगे। प्रति घंटे 50 पास जारी किए जाएंगे। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर पास जारी होगा। उन्होंने बताया कि शुरुआती तीन महीने में मंदिर का लोड फैक्टर चेक किया जाएगा। रुड़की के वैज्ञानिकों की ओर से मंदिर के मापदंड को देखते हुए प्रति घंटे 50 श्रद्धालुओं को ऊपर जाने की अनुमति दी गई है। राम मंदिर में 10 सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर पत्थरों के मूवमेंट की जानकारी देते हैं। भूकंप में भी सेंसर पहले ही संकेत करते हैं। सेंसर के जरिये तीन माह में मंदिर पर पड़ने वाले लोड का अध्ययन किया जाएगा। राम मंदिर की बाउंड्री को छोड़कर मंदिर परिसर में सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे।

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन आदेश कक्ष का किया निरीक्षण



**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** केशव कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली गई सलामी ग्रहण करने के उपरांत महोदय द्वारा पुलिस बल को दौड़ कराई गई एवं टोली वार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए आरक्षियों को परेड ड्रिल के संबंध में जानकारी देते हुए शस्त्र अभ्यास कराया गया एवं विपरीत परिस्थितियों से निपटने हेतु शस्त्र अभ्यास कराते हुए शस्त्रों को खोलना व जोड़ने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, तत्पश्चात यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित को पीआरवी के मानक के अनुसार हेड लाइट, हूटर, इंडिकेटर फर्स्ट एड किट आदि समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव व साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात क्वार्टर गॉर्ड तथा शस्त्रागार का निरिक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साप्ताहिक परेड के उपरान्त द्वारा पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यतन रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । द्वारा पुलिस लाइन भ्रमण के दौरान निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन,आगामी RTC हेतु क्लासरूम/ बैरक /मेस के किये जा रहे नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारी /कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

# आत्महत्या करने जा रही महिला को पुलिसकर्मी ने बचाया

**शुजागंज अयोध्या।** थाना बाबा बाजार क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव पति पत्नी के मध्य आपसी घरेलू विवाद चल रहा था तभी पत्नी अपने ही घर के अंदर कमरे मे आग लगाकर आत्महत्या करने जा रही थी तभी डायल 112 को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही 0927 के पुलिस कर्मी कांस्टेबल राकेश यादव, चालक रामदेव कौशल् ने मौके पर पहुंच घरेलू विवाद में आग लगाकर जान देने जा रही महिला को बचाने के लिए दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। जब दरवाजा नहीं टूटा तो दिवाल से सीढ़ी लगा अंदर जा महिला को बचाने मे सफलता हासिल किया।पुलिस की इस कार्य शैली को देखकर ग्रामीणों ने अयोध्या पुलिस कि सराहना कर धन्यवाद भी दिया।

# धूमधाम से मनाई गई कोठा सरकार की जयंती



**अयोध्या।** वैशाख शुक्ल पंचमी तिथि पर प्रसिद्ध पीठ रसमोदकुंज, गोलाघाट में स्वामी रामकिशोर शरण महाराज उर्फ कोठा सरकार की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इनका उपनाम रसमोद लता जू था। रसमोदकुंज के संस्थापक स्वामी शत्रुहन शरण उर्फ रसकांती लता जू, जिन्हें लोग बिरौली सरकार के नाम से भी जानते थे। उन्होंने अपने बिरौली ग्राम के एक संत जनक नंदिनी शरण से मंत्र दीक्षा ली और अयोध्या आ गए। यहां पर बिरौली सरकार ने स्वामी रामकिशोर शरण महाराज से संबंध ली। उन्होंने अपने संबंध गुरु के नाम पर आश्रम का नाम रसमोदकुंज रखा। महोत्सव को रसमोदकुंज के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत रामप्रिया शरण गिरधारी महाराज ने अपनी सानिध्यता प्रदान की। सर्वप्रथम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रसमोदकुंज बिहारिणी-बिहारी जू का सुबह अभिषेक-पूजन किया गया। भगवान का दिव्य श्रृंगार कर विविध पकवानों का भोग लगाया और महाआरती उतारी। अंत में साधु-संत एवं भक्तजनों को भगवान के भोग का प्रसाद वितरित हुआ। सायंकाल भगवान के पूजन-अर्चन, भोग, आरती पश्चात कोठा सरकार की जन्म बधाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन्म बधाई में अयोध्याधाम के नामी-गिरामी कलाकारों ने मंदिर के पूर्वाचार्यों द्वारा रचित पद गाकर चार-चांद लगा दिया। कलाकारों ने उत्सव की महफिल सजा दी। इससे उपस्थित साधु-संत व भक्तजन मंत्रमुग्ध हो गए। पीठ के पीठाधिपति महंत रामप्रिया शरण गिरधारी महाराज ने कलाकारों को नेग-न्यौछावर भी भेंट किया। उन्होंने कहा कि आश्रम में कोठा सरकार की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जो हर वर्ष वैशाख शुक्ल पंचमी को मनाया जाता है।

कोठा सरकार भजनानंदी संत रहे। जो भजन-साधना में तल्लीन रहा करते थे। उनकी भगवान सीताराम के प्रति अटूट भक्ति रही। वह सीताराम भगवान के अनन्य उपासक थे। उनका जीवन बहुत ही सरल था। जो कोठे पर रहते थे। इसी कारण उनका नाम कोठा सरकार पड़ गया। उन्हें लोग इसी नाम से जानने व पहचानने लगे। वह कोठा सरकार के नाम से पूरी रामनगरी समेत अन्य जगहों पर प्रसिद्ध हो गए। इस अवसर पर साधु-संत समेत काफी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। जिन्होंने जयंती महोत्सव में शामिल होकर अपना जीवन सार्थक बनाया।

# सपा नेता चौधरी शहरयार ने हज यात्रियों से उनके घर जाकर की मुलाकात



**रुदौली अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य एहसान मोहम्मद अली उर्फ़ चौधरी शहरयार ने 2025 की हज यात्रा पर जाने वाले रुदौली विधानसभा क्षेत्र के हाजियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं और परम्परागत रूप से उन्हें रवाना किया। चौधरी शहरयार ने इस अवसर पर कहा कि वे लोग बेहद सौभाग्यशाली होते हैं जिन्हें हज जैसी पवित्र यात्रा पर जाने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी हाजियों से देश की तरक्क़ी, अमन-चैन और भाईचारे की दुआ करने की अपील की। साथ ही मुल्क के दुश्मनों से हिफ़ाज़त की दुआ करने की बात भी कही। चौधरी शहरयार ने क्षेत्र के कस्बा रुदौली सहित ग्राम खंडपिपरा, शुजागंज, हरौरा आदि गाँवों का दौरा कर हाजियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें रवाना किया। इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के विधानसभा अध्यक्ष शुऐब खां, फ़रीद खां बाबा, मोहम्मद इद्रीस, लईक खां, कौनैन रज़ा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


## कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत मधुपुर मीरनपुर विकास खण्ड भीटी ज़िला-अम्बेडकरनगर

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत मधुपुर मीरनपुर विकास खण्ड भीटी ज़िला-अम्बेडकरनगर में राज्य वित्त/15 वा वित्त/ मनरेगा योजना के अंतर्गत निम्न कार्य निर्माण कराये जाने हेतु पंजीकृत फर्मो से सामग्री ईट, सीमेंट, बालू, मोरंग, ह्यूम पाइप,सरिया, पत्थर गिट्टी, ईट गिट्टी इत्यादि आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमन्त्रित की जाती है ।

**कार्य योजना का विवरण** -

1-प्रियंका के घर से मंगरु के घर तक भूमिगत नाली निर्माण कार्य।

2-मेन रोड से विशाल नाथ के घर तक खड़ण्जा मरम्मत कार्य।

3- खड़ण्जा से इंद्रपाल के घर होते हुए राम मिलन के घर तक खड़ण्जा कार्य।

4- अखिलेश यादव के घर से बलराम यादव के घर तक मिट्टी व खड़ण्जा कार्य।

इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता दिनांक 03/05/2025 से 10/05/2025 तक अपराह्न 12.00 बजे तक कार्यालय में निविदा जमा कर सकते हैं। जो दिनांक 10/05/2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के समक्ष खोली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताएं स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**देवेंद्र कुमार मिश्र**
**सचिव**

**निर्मला देवी**
**प्रधान**


# वैश्विक श्रमिक वर्ग से ही सम्भव है वैश्विक पूंजी का प्रतिरोध : डॉ विशाल



**अयोध्या।** अन्तरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर शाम को 5 बजे से बीमा कर्मचारी संघ फैजाबाद डिवीज़न, बीएसएनएल इम्प्लाइज़ यूनियन, आयकर कर्मचारी संघ, जनवादी लेखक संघ एवं शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एल.आई.सी. परिसर, बेनीगंज, फ़ैज़ाबाद में 'वैश्विक पूंजी का भारतीय श्रमिक आंदोलन पर प्रभाव' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने कहा कि पूंजी के वर्चस्व के विभिन्न स्तरों से गुजरते हुए आज हम वैश्विक पूंजी के प्रभुत्व के दौर में पहुँच गये हैं। विश्व अर्थव्यवस्था के पुनर्गठन और एकीकरण से जिस अन्तरराष्ट्रीय पूंजी का उदय हुआ है उसने पूंजीपतियों और उनसे सम्बद्ध राज्यसत्ता को श्रमिकों के शोषण की असीमित सुविधा दे दी है। वैश्विक पूंजी के इस दौर में जब उत्पादन की प्रक्रिया का वैश्वीकरण हो गया है, सस्ते श्रम की सहज उपलब्धता और उद्योग के लिए लचीले नियमों ने राष्ट्रीय स्तर पर श्रम की शक्ति को कमज़ोर कर दिया है। उपनिवेशवाद के विरुद्ध संघर्ष और जन-आंदोलनों से श्रमिक संगठनों ने जो नैतिक ताकत हासिल की थी, आज उसे विखंडित करने की कोशिशें हो रही हैं, यही कारण है कि आज पूरी दुनिया में आधे से अधिक श्रमिक असुरक्षित रोजगार व्यवस्था का हिस्सा बन चुके हैं। आज आवश्यकता है कि परम्परागत वर्ग आधारित श्रमिक राजनीति से आगे बढ़कर पहचान की राजनीति के वैश्वीकृत रूप को विकसित किया जाए। स्थानीय लड़ाईयों से आगे बढ़कर वैश्विक श्रमिक वर्ग का उदय ही वैश्विक पूंजी से प्रतिरोध का एकमात्र रास्ता है। बीमा कर्मचारी संघ फैजाबाद डिवीजन के अध्यक्ष आर. डी. आनन्द ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वैश्विक पूंजी ने पूंजीपतियों को पूरी दुनिया में अपनी शर्तों पर व्यापार करने की सुविधा दे दी है। यह परिस्थिति श्रमिकों के लिए गहरे शोषण को जन्म दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत में श्रमिक वर्ग का एक बड़ा हिस्सा पिछड़ी और अनुसूचित जातियों से आता है, उनके हितों की रक्षा के लिए श्रमिक संगठनों को मुखर रूप से आगे आना चाहिए। श्री आनन्द के अनुसार आज राज्यसत्ता का ध्यान इस बात पर केन्द्रित रहता है कि व्यापार करने में कितनी अधिक आसानी सम्भव हो सकती है न कि श्रमिक वर्ग का हित कैसे सम्भव हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिक संगठनों को युवा और तेजस्वी नेतृत्व की आवश्यकता है। बीमा कर्मचारी संघ फैजाबाद डिवीजन के सचिव रविशंकर चतुर्वेदी ने कहा कि 1886 में शिकागो के शहीदों की स्मृति में इस संगोष्ठी का आयोजन एक गम्भीर विषय को केन्द्र में रखकर किया गया है। मजदूर दिवस हमें सीखने के लिए प्रेरित करता है, आज सीखने की प्रक्रिया में यह साझा कार्यक्रम किया गया है कि हम आसन्न खतरों को पहचान सकें। उन्होंने कहा कि अकेले कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता, चाहे वह व्यक्ति के स्तर पर हो या संगठन के स्तर पर। श्रमिक संगठनों को एकजुट होना ही पड़ेगा, इसके अतिरिक्त कोई दूसरा रास्ता नहीं है। आज हम सबको इस बात का संकल्प लेना चाहिए कि हम निरंतर अपने कार्यस्थल पर सांगठनिक एकता को अच्छे ढंग से मज़बूत करें और उसे अभिव्यक्त कर सकें। आज आवश्यकता है कि भारत के समस्त श्रमिक संगठन एकजुट होकर यह आवाज़ उठाएँ कि श्रमिक दिवस के दिन अवकाश घोषित किया जाए। शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि मार्क्स के नारे 'दुनिया के मज़दूरों एक हो' को सच करने का समय आज आ गया है। श्रमिक संगठनों के बीच एक भाईचारा विकसित किये बिना आज अपने हितों की लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है। आयकर कर्मचारी संघ के सचिव राजकुमार मिश्रा ने श्रमिक एकता का आह्वान करते हुए व्यापक स्तर पर श्रमिक आंदोलन को तेज किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। बीएसएनएल इम्प्लाइज़ यूनियन के प्रांतीय सचिव श्री तिलकराज तिवारी ने कहा कि जिस तेज़ी से निजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, वह श्रमिक हितों के साथ सीधा खिलवाड़ है, आज ऐसे बहुत सारे ख़तरे हमारे सामने मौजूद हैं लेकिन हमने उनकी तरफ से आँखें फेर रखी हैं। आज ज़रूरत है कि हम एकजुट होकर इन ख़तरों का सामना करें। इस अवसर पर संजीव सिंह,सीएम पांडेय,केके पांडे, चंद्रा ने भी संगोष्ठी को सम्बोधित किया। आयोजन में जनवादी लेखक संघ, फ़ैज़ाबाद के सदस्यों नीरज सिन्हा नीर, पूजा श्रीवास्तव, ओमप्रकाश रोशन ने अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोतावर्ग को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सधा हुआ संचालन शायर और जनवादी लेखक संघ, फ़ैज़ाबाद के कोषाध्यक्ष मुज़म्मिल फिदा ने किया। सभा के प्रारम्भ में स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त बृजेश श्रीवास्तव ने एक जनगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सी एम पांडेय, सुरेश चंद्र, उमेशगुप्त,रामसुरेश,के के पांडेय, बृजेश कुमार, पवनमिश्र, निरंकार, सी पी शुक्ल, संजीव सिंह, शकुंतला, संगीता, श्रुति, शाम्भवी, आलोक सिंह, बलदेव, बिंदेश्वरी, अदिति, अजय, रामतेज, पंकज, शशांक, ऋच्चा, गोविंद, विजय, रमेश, दीपक, निखिल, अवधराज, ओंकार, विभूति, अर्पित, तुषार, सत्यदेव, कमलेश सिंह यादव, टोनी बलदेव,सीपी शुक्ला ,नितिन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी संगठनों के सदस्य एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।